जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, मंगलवार 9 अप्रेल, 2024

Hero

## इंडिया की सर्वाधिक बिकने वाली बाइक्स

पिछले 10 साल से हर 10 सेकंड में बिकने वाली 1 से ज्यादा मोटरसाइकल#; हीरो मोटोकॉर्प 100cc वर्ग में लीडर है**.
और भारत का भरोसा स्प्लेंडर+ और HF-डीलक्स में लगातार बढ़ रहा है.
नं.1 क्लब में शामिल हों, आज ही घर लाएं हीरो!



नई HF-Deluxe
शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ₹60143*

Splendor+
शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ₹75766*

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ | EMI ₹2699^ से शुरू | कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | India's First 5 Year Warranty* | 6000^^ km 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FinCorp | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** कोटा: कोटा हीरो, 9289922193, 6367380041, चम्बल हीरो, 9289923012, 2504062, बूंदी: शिवम हीरो, 9289922540, बारां: के.के. हीरो, 9289923200, झालरापाटन: महादीप हीरो, 9289922470, **अधिकृत सर्विस पाइंट :** कोटा: कोटा मोटर कम्पनी प्रा.लि., 9289922193, चम्बल मोटर्स प्रा.लि., 9214036062, 9214436023, 9116160555, रामगंज मण्डी: बगडिया ऑटो सेल्स, 9799121460/9828121017, अकलेरा: सोनू मोटर्स, 9414194741, केशवरायपाटन: गोपाल मोटर्स, 8005668720/9414538275, छबड़ा: एम.के. मोटर्स, 8003169644, छीपाबड़ौद: स्पीड लिंक आटो, 7428595890, 9829491317, 9462491317, नैनवाँ: जैन आटोमोबाईल्स, 7428391273, **सिटीवर्कस (अधिकृत सर्विस पॉइंट):** कोटा: बेदी ब्रदर्स, 9828368240, **एक्सटेंशन काउंटर-** कोटा: चंबल ऑटोमोटिव (श्रीनाथपुरम), 9289923012, **(Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** बारां: के.के. मोटर्स, 9289923200

## विचार बिन्दु

सनास्त कर्म का लक्ष्य आनंद की ओर है। –टैगोर

# तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है......

'प्यासा सावन' फिल्म का यह बड़ा लोकप्रिय गीत रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह गीत कितना सटीक है, यह अनुभव करने के लिए आपको करना केवल यह है कि, जिसे यह गीत संबोधित है (अर्थात् तेरा), वहां भाजपा को रख लें और जिसकी तरफ से यह कहा जा रहा है (अर्थात् मुझे) वहाँ, उन सभी भ्रष्ट नेताओं को रख लें, जिन्होंने अपने दल को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। इस स्थान पर उन्हें भी रखा जा सकता है जिन्होंने बहुत घाटा होते हुए भी इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा को करोड़ों का चंदा दिया है।

जिस गति से कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भाजपा का साथ देना प्रारंभ किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे अब अपने प्रति किसी भी कार्रवाई न होने के प्रति निश्चिंत हैं।

एक रिपोर्ट हाल ही 'इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित हुई है, उसका सार कुछ इस प्रकार है।

ऐसे जिन नेताओं के खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट, इनकम टैक्स, सीबीआई आदि की करवाई चल रही थी, वे सब कारवाइयां फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दी गई हैं।

न केवल यह, इनमें से कई तो ऐसे हैं जिन्होंने दल बदलते ही, भाजपा शासित राज्यों में, सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ली है।

ऐसे कुल 25 प्रमुख नेताओं के प्रकरण हैं, जिनमें एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट, सीबीआई इनकम टैक्स या इकोनामिक ऑफेंसेस विंग ने कार्रवाई प्रारंभ की, किंतु कार्रवाई में तेजी होना, उसे बंद करना या उसमें ढिलाई देना, इस पर निर्भर होता रहा है कि संबंधित नेता विपक्ष में हैं अथवा सत्तादारी दल भाजपा के साथ हैं। इनमें से अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल आदि ऐसे हैं जिनके विरुद्ध मामला बंद करने की कार्रवाई संबंधित एजेंसी द्वारा की गई है और अब केवल अदालतों की मोहर लगना उसमें शेष है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार के विरुद्ध महाराष्ट्र की 'इकोनामिक ऑफेंसेस विंग' द्वारा मामला दर्ज किया गया था एवं अब जबकि अजीत पवार ने शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री का पद संभाल लिया है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई एक प्रकार से समाप्त हो गई है। प्रफुल्ल पटेल, जिनके ऊपर हवाई जहाज खरीदने संबंधी घोटाले का प्रकरण 2017 में दर्ज किया गया था, उनके विरुद्ध ईडी द्वारा 2019 में चार्ज शीट दाखिल की गई। प्रफुल्ल पटेल ने जून 2023 में एनडीए को ज्वाइन किया और मार्च 2024 में उनके विरुद्ध सीबीआई द्वारा केस को बंद करने की रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है। हेमंत बिस्वा शर्मा ने 2015 में कांग्रेस को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब उनके विरुद्ध केस तो लंबित है किंतु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वे तो कई सालों से असम के मुख्यमंत्री भी हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हसन मुश्रीफ पर शुगर फैक्ट्री के घोटाले का मामला बनाया गया था, किंतु जैसे ही जुलाई 23 में उन्होंने एनडीए का साथ दिया, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई लगभग बंद सी कर दी गई है। तेलुगु देशम पार्टी के नेता सी एम रमेश ने तेलुगु देशम पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता 2019 में ग्रहण की। उनके आवासों पर एवं अन्य परिसरों पर अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारा गया था और इन पर 100 करोड़ की आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप था। बीजेपी के सांसद नरसिंह राव ने संसद की एथिक्स समिति के अध्यक्ष को इनकी सदस्यता समाप्त करने के लिए लिखा, किंतु जैसे ही 2019 में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उसके बाद, किसी भी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। संजय सेठ, समाजवादी पार्टी के सदस्य थे। उनके विरुद्ध 2015 में आयकर विभाग ने रेड की जो कि उनके शालीमार कंपनी से संबंधित थी। 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें उत्तर प्रदेश से राज्यसभा का सदस्य बनवा दिया। अब उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही की जानकारी नहीं है। पश्चिम बंगाल में भी इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस के सुवेंदु अधिकारी के विरुद्ध नारदा स्टिंग ऑपरेशन में केस दर्ज हुआ। इनके विरुद्ध लोकसभा के अध्यक्ष से 2019 में अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी थी। 2020 दिसंबर में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। अब तक अध्यक्ष द्वारा उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुमति नहीं दी गई है। महाराष्ट्र के छगन भुजबल को मार्च 2016 में गिरफ्तार किया गया। अप्रैल 2016 में चार्ज शीट दाखिल की। दो साल जेल में रहने के बाद 2018 में जमानत मिली। जुलाई 2023 में ये एनडीए के साथ चले गए। इसके बाद उनके विदेश जाने पर जो रोक लगी हुई थी उसे हटाने का विरोध सरकार द्वारा नहीं किया गया। मुंबई कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कृपा शंकर सिंह, के विरुद्ध आय के साधनों से अधिक संपत्ति अर्जित करने पर ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग कानून के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज की गई और उनके पुत्रों से पूछताछ भी की गई। दिसंबर 13 में पुलिस ने इनके विरुद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति विधानसभा अध्यक्ष से मांगी। 2015 अप्रैल में इनके विरुद्ध चार्ज शीट प्रस्तुत की गई और उनकी 95 करोड़ की अवैध संपत्ति को कुर्क किया गया। कोर्ट ने अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण छोड़ दिया। 2019 में इन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और जुलाई 21 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। अब इनके विरुद्ध केस प्रभावहीन हो चुका है। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत के अनेक परिसरों पर ईडी ने लुई बर्गर केस में छापे मारे। उनकी संपत्ति भी मार्च 2017 में कुर्क की गई। सितंबर 2022 ये भाजपा में चले गए। इसके बाद इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**कुल मिलाकर, हम यह कह सकते हैं कि वर्तमान समय में सभी ऐसे कॉर्पोरेट घराने जो भारतीय जनता पार्टी को चंदा देते हैं अथवा वे सभी विपक्षी नेता जो भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लेते हैं, उन सभी को एक प्रकार से अभय दान मिल जाता है।**

उपरोक्त अनुसार, विपक्ष के कई बड़े नेताओं के विरुद्ध जाँच एजेंसियों द्वारा जांच की जा रहे थी, छापे डाले गए, कई को गिरफ्तार भी किया गया और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए गए किन्तु जैसे ही इन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की या एनडीए का साथ दिया, इनके विरुद्ध कार्रवाई को बंद कर दिया गया अथवा उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यह सभी लोग अब बीजेपी का साथ मिलने पर तो यही गुनगुना रहे होंगे। **"...तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है, अंधेरों में भी हमें मिल रही रोशनी है"।**

स्पष्ट है, सारे भ्रष्ट नेताओं को अंधेरों में भी रोशनी की किरण दिखाई दे जाती है, बशर्ते कि वह भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लें। भ्रष्टाचारियों द्वारा सत्ता का हाथ थामने की इस प्रक्रिया से भ्रष्टाचार को कितना बढावा मिलेगा, इसका अनुमान ही लगाया जा सकता है।

यह उल्लेखनीय है कि ईडी द्वारा जिन जनप्रतिनिधियों पर गत 10 सालों में कार्रवाई हुई, उनमें से 95 प्रतिशत विपक्ष के थे। यह आश्चर्यजनक है कि कि सभी नेता ईमानदार हो जाते हैं यदि वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएँ।

इलेक्टोरल बांड के अंतर्गत, हजारों करोड का जो चंदा प्राप्त हुआ है, उसका कारण या तो सरकार से बड़ा धंधा प्राप्त करना था या जेल की सींखचों से बचना था। अजीत पवार के बारे में प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक भाषणों में कई बार कह चुके थे कि उन्होंने 70000 करोड़ का घोटाला किया है और उन्हें भाजपा जेल के पीछे भेजकर उनसे चक्की पिसवाएगी और उनकी शेष जिंदगी जेल में चक्की 'पीसिंग' में निकल जाएगी। किंतु, जैसे ही इन्होने भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया वे बड़े सम्मानित नेता हो गए हैं और वे 'चक्की पीसिंग' के बजाय 'सोशल मिक्सिंग' में लग गए हैं। यह विडंबना ही है कि, भाजपा कार्यकर्ता की स्थिति बड़ी अटपटी हो जाती है क्योंकि जिन नेताओं का भ्रष्टाचार के आधार पर वे लगातार विरोध करते रहे, अब उन्हीं का सार्वजनिक रूप से गुणगान करने पर विवश हैं।

यह विचित्र बात है कि 35 ऐसी कंपनियों के नाम सामने आए हैं, जो घाटे में है, किंतु जिन्होंने लगभग 600 करोड़ रूपया इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से चंदे में दिया, जिसमें से लगभग 500 करोड़ केवल भारतीय जनता पार्टी को ही प्राप्त हुआ है। इनमें से किसी कंपनी को ना तो इनकम टैक्स न ईडी का नोटिस मिला और जांच हुई। ऐसा होता तो यह पता लगाया जा सकता था कि किस प्रकार से काले धन को फर्जी कंपनियों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को चंदा में दिया गया है। किसी प्रकार का नोटिस इन्हें मिलेगा भी नहीं क्योंकि 'तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है अंधेरों से मिल रही रोशनी है"।

ऐसे सभी दल एवं व्यक्तियों को सरकारी संरक्षण की कोई कमी नहीं रहती है और वे निश्चिंत होकर अपना अवैध व्यापार जारी रख सकते हैं। यह भी साफ है कि जो भी उनके दबाव और प्रलोभन में नहीं आए उन्हें किसी न किसी प्रकार के मुकदमे में फंसा कर उन्हें जेल भेज दिया जाए और जेल जाने के बाद भी यदि वह उनकी बात मान ले तो फिर उन्हें जेल से तत्काल छोड़ दिया जाए।

हाल ही में संजय सिंह, जो कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं, को पीएमएलए कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करके 6 माह तक जेल में रखा गया। उन्होंने जेल से बाहर आकर मीडिया से बात करते हुए बताया कि कैसे किसी भी गवाह को तब तक जेल में रखा गया जब तक उन्होंने अरविंद केजरीवाल का नाम तथाकथित शराब घोटाले से नहीं जोड़ दिया। जैसे ही उन्होंने बयान में केजरीवाल का नाम ले लिया, उन्हें तत्काल न केवल जेल से रिहा कर दिया गया अपितु इस बात की भी छूट दी गई कि वे प्रधानमंत्री मोदी का चित्र लगाकर अपना चुनाव प्रचार करें।

इस पूरी व्यवस्था से देश का नागरिक भ्रमित है कि वह किसका साथ दे? क्या वह भी केवल अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए सत्ता का साथ दे या अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष करे। संघर्ष का मार्ग अवश्य ही उसके लिए कठिनाइयां पैदा करेगा क्योंकि तब उसे सरकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, झूठे-सच्चे मुकदमों में निरंतर फंसाती रहेगी। लगता तो यह है कि चुनाव संपन्न होने तक, कई विपक्षी नेता जेल में चले जाएंगे एवं जो रंग बदल करके सत्ता के साथ हो जाएंगे, वे निश्चिंत होकर सारी सुख सुविधाओं का उपयोग करने में सफल रहेंगे। शायद इसी नीति के परिणाम के प्रति आश्वस्त होते हुए ही प्रधानमंत्री जी ने भाजपा के लिए 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया है। जब अधिकांश प्रमुख विपक्षी दलों के नेता या तो जेल में होंगे या सत्ता के साथ होंगे तब फिर उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट का कि उसने इलेक्टोरल बांड योजना का भंडाफोड़ कर दिया और चंदा देने और लेने वाले के नाम सार्वजनिक हुए। अब इलेक्टरल बॉन्ड योजना के माध्यम से चंदा प्राप्त करने पर ब्रेक लग गया है। मीडिया द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि जिन कंपनियों ने राशि दी है उनका व्यवसाय बहुत तेजी से बढ़ा है। उनके द्वारा कानून के उल्लंघन के बावजूद किसी एजेंसी द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। एक प्रकार से, दिए गए चंदे को संरक्षण राशि कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। इन्हें अब किसी का भय नहीं है क्योंकि कि "तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है....."।

कुल मिलाकर, हम यह कह सकते हैं कि वर्तमान समय में सभी ऐसे कॉर्पोरेट घराने जो भारतीय जनता पार्टी को चंदा देते हैं अथवा वे सभी विपक्षी नेता जो भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लेते हैं, उन सभी को एक प्रकार से अभय दान मिल जाता है ।

इस सारे परिप्रेक्ष्य में, देश की साधारण जनता के साथ क्या होगा इसकी कल्पना करना अधिक कठिन नहीं है। जनता को पहचानना है कि किसको सरकार का संरक्षण मिला हुआ है और कौन सरकार की नाराजगी और प्रताड़ना का शिकार है। अच्छा तो यह होगा कि सब नागरिक प्रधानमंत्री जी का हाथ थाम लें ताकि सब कोरस में गा सकें कि **"तेरा साथ है तो हमें क्या कमी है, अंधेरों में भी मिल रही रोशनी है......"**। ऐसा करके वे अपना उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

---

होम्योपैथी पद्धति के जन्मदाता हैनिमेन के जन्मदिवस के उपलक्ष में होम्योपैथी विशेष

होम्योपैथी के जनक, क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुअल हैनिमेन। जन्मः- 10 अप्रेल, 1755 मृत्युः- 02 जुलाई, 1843

# होम्योपैथी सर्व सुलभ, सुग्राही, स्थाई, सुरक्षित, भरोसेमंद व आसान चिकित्सा पद्धति



प्रो. राजीव सक्सेना


दस अप्रेल को होम्योपैथी पद्धति के जन्मदाता क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुअल हैनिमेन जी का दौ सौ उनत्तर वें (269वें) जन्मदिवस पर शहर के वरिष्ठ होम्योपैथ व प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में आचार्य हैं, ने इस पद्धति के बारे में काफी विस्तार से चर्चा की व इस पर विस्तृत सकारात्मक प्रकाश डाला।

होम्योपैथी के प्रति रोगियों का विश्वास काफी बढ़ा है। होम्योपैथी की तरफ भारत सरकार व आयुष विभाग भी ध्यान दे रहा है। अब होम्योपैथी चिकित्सा का परिणाम गंभीर बीमारियों में भी सुखद व अच्छा आ रहा है। यह जनमानस के लिये एक अति उपयोगी व वरदान चिकित्सा पद्धति है। रोगियों का विश्वास इसमें उत्तरोत्तर व लगातार विश्वसनीयता प्राप्त करते हुए बढ़ता जा रहा है। यह चिकत्सा पद्धति चिकित्मक के लिये बहुत मेहनत मांगती है। रोगियों की आपातकाल परिस्थितियों में भी कई बार चमत्कारिक रूप से होम्योपैथिक दवाईयों का परिणाम काफी अच्छा मिलता है। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। दुनिया भर में लोग इस पद्धति को काफी महत्व दे रहे हैं। होम्योपैथिक दवाईयां गर्भवति महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माता, बच्चों समेत बुजुर्गों के लिये भी सुरक्षित है।

होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली, होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत भारत में मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रणाली है। इसको दवाओं की राष्ट्रीय प्रणाली के रूप में भी मान्यता प्राप्त हैं। भारत देश वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी होम्योपैथिक दवा निर्माताओं और निर्यातकों में से एक है। वर्तमान में भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा अब इलाज की इस पद्धति व प्रक्रिया को अपनाने लगा है। वर्तमान में होम्योपैथी को लगभग 85 से अधिक देशों में उपयोग में लाया जाता है तथा 41 देशों में अलग औषध प्रणाली के रूप में कानूनी मान्यता प्राप्त है व लगभग 28 देशों में पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में मान्यता दी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन होम्योपैथी को, पारंपरिक और पूरक औषधि के सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली पद्धतियों में से एक पद्धति के रूप में मानता है।

होम्योपैथिक चिकित्सा में विभिन्न रोगों का इलाज करने के लिए पौधों और खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों की अल्पतम/नैनो तथा सूक्ष्मतम खुराक का उपयोग होता है। ये उपचार अचानक होने वाली और साथ ही पुरानी स्थितियों व जीवन शैली की बीमारियों का इलाज कर सकने में सर्वरूपेण उपयुक्त है। ये एक सम्पूर्ण व समग्रतथा स्थायी व सामयिक चिकित्सा होने के नाते, यह केवल व्यक्तिगत या निजी लक्षणों का इलाज नहीं करती बल्कि सम्पूर्ण उपचार के लिए पूर्ण व्यक्तित्व के साथ-साथ व्यक्ति की मानसिक और शारिरीक स्थिति पर भी ध्यान देती है, जो कि अन्य चिकित्सा प्रणालियों में बहुत कम है।

होम्योपैथी ने भारत में 1839 में उस समय जड़ पकड़ी जब डॉ. जॉन मॉर्टिन होनिग बर्गर ने स्वतंत्रों के पक्षाघात (लकवा) के लिए महाराजा रणजीत सिंह का सफलतापूर्वक ईलाज किया। डॉ. होनिग बर्गर कलकत्ता में रहने लगे और हैजा चिकित्सक के रूप में काफी लोकप्रियता पाई। बाद में डॉ. राजेन्द्र लाल दत्त, डॉ. एम.एल. सरकार जो कि ख्याति प्राप्त चिकित्सक थे, ने भी होम्योपैथी में प्रेक्टिस करना शुरू किया व डॉ. सरकार ने वर्ष 1868 में प्रथम होम्योपैथिक पत्रिका कलकत्ता जर्नल ऑफ मेडिसिन का संपादन किया। तदोपंरात वर्ष 1881 में डॉ. पी.सी. मजूमदार, डॉ. डी.एन. राय व अनेक प्रसिद्ध चिकित्सक विद्वानों ने मिलकर प्रथम होम्योपैथिक कॉलेज "कलकत्ता होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज" की स्थापना की। रोजमर्रा की बीमारियों के लिए यह एक सुरक्षित आलान व सर्वसुग्राही चिकित्सा पद्धति है, लेकिन इसे किसी सुयोग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श के बाद ही लेना चाहिये। चिकित्सक कई कारकों पर विचार करते है। जिसमें आपकी आयु, लिंग, स्थिति, बीमारी की गंभीरता, उतार-चढ़ाव, चरण और आपके पिछले इतिहास को शामिल करके सही दवा की पहचान करते हैं। जो मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ देने में सहायक सिद्ध होती है।



किसी भी दवाई के बारे में एक मूल बात ध्यान रखें कि कोई भी दवाई आपकी शारीरिक व मानसिक स्थिति, आपकी बीमारी के लक्षणों और आपकी उम्र आदि के हिसाब से चिकित्सक द्वारा निश्चत की जाती व दी जाती है। एक चिकित्सक को अपनी डिग्री पूरी करने के बाद प्रेक्टिस के साथ-साथ यह सीखने का मौका मिलता है कि कौनसी दवाई किस रोगी को कब, किस तरह से व किस शक्ति में व किस रूप में दी जानी चाहिए।

**–प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना,**
**वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य,**
**स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेन्टर, जयपुर।**

---

# सांभर के देवयानी तीर्थ स्थल की हो रही अनदेखी, प्रमुख घाटों पर गंदगी का आलम

## सरोवर में आस्था के नाम पर खंडित मूर्तियां और पूजा सामग्री डाली जा रही है

**सांभर, (निसं)।** प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में सुमार देवयानी तीर्थ स्थल सरकार और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है। प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की ओर से स्नान और पूजा-अर्चना के बाद वेस्ट पूजा सामग्री, वस्त्र डाले जा रहे हैं। आस्था के नाम पर तीर्थ स्थल में खंडित मूर्तियां भी डाली जाती है।

घाटों के चारों ओर विभिन्न देवी देवताओं के अति प्राचीन मंदिरों के इतिहास का महाभारत व अन्य धार्मिक ग्रंथों में इसका उल्लेख भी है। इसके बावजूद इन ऐतिहासिक धरोहरों व मंदिरों के रखरखाव की दिशा में स्थानीय प्रशासन और सरकार पूरी तरह से नकारात्मक बनी हुई है। सरोवर में जलकुंभी ने अपना साम्राज्य बना लिया है। कुंड में बारिश के पानी के अलावा अन्य कोई स्त्रोत जल के आवन का नहीं है, ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही लगातार जल स्तर का घटना चिंता का विषय है। सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियां, जलीय कछुए है, जिनके जीवन पर आने वाले समय में पानी की कमी से संकट उत्पन्न हो सकता है, इस स्थिति को लेकर न तो जनप्रतिनिधियों को चिंता है और न हीं जिम्मेदार प्रशासन को इसकी परवाह है। साफ सफाई पूरी तरह से चौपट बनी हुई है। धर्मप्रेमी भी अपनी भूमिका भूल चुके हैं। बताया जा रहा है कि यदि आने वाले समय में सरोवर से जलकुंभी को हटाने और साफ-सफाई का कार्य नहीं किया गया तो जलीय जीव जंतुओं को खतरा उत्पन्न हो सकता है। पहले भी अनेक दफा इस मामले में प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये हैं।



सांभर के देवयानी तीर्थ स्थल में साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है।

- **सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियां, जलीय कछुए हैं, जिनके जीवन पर आने वाले समय में पानी की कमी से संकट उत्पन्न हो सकता है**
- **देवयानी तीर्थ स्थल सरकार और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है**

---

# आर.टी.ई. में एडमिशन को लेकर आ रही समस्या, हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह सकते हैं

- **शिक्षा निदेशालय की ओर से नियमों में किए गए बदलाव की वजह से बड़ी संख्या में अभिभावकों की परेशानी बढ़ी**
- **शिक्षा निदेशाालय ने संशोधित नियम के अनुसार आयु गणना की तारीख में बदलाव किया है**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में शिक्षा सत्र 2024-25 की निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 3 अप्रेल से शुरू हो चुकी है। शिक्षा निदेशालय की ओर से नियमों में किए गए बदलाव की वजह से बड़ी संख्या में अभिभावकों की परेशानी बढ़ी गई है। शिक्षा निदेशाालय ने संशोधित नियम के अनुसार आयु गणना की तारीख में बदलाव किया है। इस कारण श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ सहित प्रदेश के हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित हो जाएंगे।संशोधित नियम के तहत इस बार नर्सरी और पहली कक्षा निःशुल्क प्रवेश में दिया जा रहा है। नर्सरी कक्षा में प्रवेश के लिए आयु सीमा 3 साल से अधिक और 4 साल से कम होनी जरूरी है। वहीं पहली कक्षा के लिए 6 वर्ष या उससे अधिक और 7 वर्ष से कम होनी चाहिए। विद्यालय में प्रवेश के लिए बालक-बालिका की न्यूनतम व अधिकतम आयु इस वर्ष 31 जुलाई 2024 को पूर्ण होनी चाहिए। आरटीई में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीन से 21 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। आयु गणना की तारीख में बदलाव के अनुसार 1 अप्रेल 2020 से 30 जुलाई 2020 के बीच जन्म लेने वाले बच्चों का आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहा है। पिछले साल आयु गणना 31 मार्च 2023 के अनुसार रखी गई थी, जो इस बार 31 जुलाई 2024 कर दी गई है। पिछले वर्ष कई बच्चे उम्र कम के चलते प्रवेश नहीं ले पाए तो इस वर्ष उम्र अधिक होने के कारण आवेदन से वंचित होंगे।

अभिभावक सूरज कुमार का कहना है कि 2020 में अप्रेल से जुलाई के बीच जन्मे बच्चों का पिछले साल भी उम्र कम के कारण आरटीई में प्रवेश नहीं हुआ। वहीं इस बार ये बच्चे उम्र अधिक होने से प्रवेश से वंचित रहेंगे।

गिरजेशकांत शर्मा, डीइओ, मुख्यालय (प्रारंभिक व माध्यमिक), श्रीगंगानगर का कहना है कि आरटीई में प्रवेश के लिए आयु को लेकर तीन-चार अभिभावक मिले थे। इनकी आयु को लेकर समस्या थी लेकिन शिक्षा निदेशालय के स्तर पर ही 4 से 6 साल आयु वर्ग के बच्चों के ऑनलाइन आवेदन करवाने संबंधित समक्ष कार्यवाही की जा सकती है। इसमें स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग कुछ भी नहीं कर सकता।

---

## राशिफल मंगलवार 9 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, रेवती नक्षत्र प्रातः 7:32 तक, वैधृति योग दिन 2:18 तक, किस्तुघ्न करण दिन 10:11 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 7:32 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग प्रातः 7:32 से रात्रि 8:31 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग प्रातः 7:32 से बुधवार प्रातः 5:01 तक है। आज से बसन्त नवरात्र आरम्भ होंगे। आज चैत्र शुक्लादि, गुडी पडवा, कल्पादि, ध्वजारोहण, सवत्सर फल श्रवण, वैधृति पूण्यं है। पंचक प्रातः 7:32 से समाप्त होंगे। आज घट स्थापना अभिजित मुर्हूत में करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। अभिजित मुर्हूत का समय दिन 12:04 से 12:54 तक रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:21 से 10:55 तक, लाभ-अमृत 10:55 से 2:02 तक, शुभ 3:36 से 5:10 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:44

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। शुभ धार्मिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक परेशानियां दूर होने लगेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

**मकर**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 175 प्रभात कोटा, मंगलवार 9 अप्रेल, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## 2019 में राहुल गांधी ने गहलोत व कमलनाथ को डांट पिलायी थी

### नाराज़गी का कारण था, दोनों नेता अपने-अपने पुत्रों को जिताने में ही व्यस्त थे तथा अन्य सीटों की अवहेलना हो रही थी, चुनाव प्रचार की दृष्टि से

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और कमलनाथ को जमकर लताड़ा था और कहा था कि आप लोगों का ध्यान सिर्फ अपने पुत्रों के चुनाव पर था, जिसका परिणाम यह हुआ कि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की अनदेखी की गई।

वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 के परिदृश्य का दोहराव है।

अशोक गहलोत का पूरा फोकस अपने पुत्र वैभव गहलोत के चुनाव पर है। वह अपनी पार्टी के सभी अन्य सभी प्रत्याशियों और निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गहलोत ने बसपा प्रत्याशी को अपना नाम वापस लेने के लिए राजी कर लिया है ताकि उन्हें मायावती के वोट बैंक यानी दलितों के वोटों की मदद मिल सके। बसपा प्रत्याशी गहलोत का आदमी था। पहले उसे चुनाव लड़ने के लिए कहा गया और अब उसे नाम वापिस लेने के लिए कहा गया है।

सूत्र कहते हैं कि गहलोत के गृह क्षेत्र जोधपुर में भाजपा के गजेन्द्र सिंह शेखावत के हाथों पिछला लोकसभा चुनाव हार चुके वैभव गहलोत की राह जालोर-सिरोही में भी आसान नहीं है।

- पांच साल बाद, पुनः 2019 की स्थिति दोहरा रहे हैं दोनों नेता, अब 2024 के लोकसभा चुनाव में।
- अशोक गहलोत इस बार भी अपने पुत्र वैभव की जालौर-सिरोही सीट पर सिमट कर रह गये हैं।
- हालांकि, इस बार भी वैभव के जीतने की संभावना क्षीण है। जैसा कि विदित ही है, वैभव गहलोत परिवार की पुरानी सीट पर हार गये थे।
- पर, विडम्बना यह है कि, गहलोत का पूरा ध्यान अपने पुत्र की सीट पर ही केन्द्रित है और वे राजस्थान की अन्य सीटों पर मुश्किल से निकल रहे हैं, उन्हें राजस्थान की चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति में मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहलोत की मदद की है।
- पर, गहलोत ने अपने पद का उपयोग करते हुए, प्रियंका गांधी का प्रोग्राम तय करवा दिया है, जालौर में आमसभा संबोधित करने के लिये।
- पर, यह भी सच है कि, गहलोत के अथक प्रयासों के बावजूद, पुत्र कमजोर विकेट पर है जालौर में, क्योंकि धीरे-धीरे बाहरी उम्मीदवार होने का चार्ज वैभव पर चिपकता जा रहा है।

वैभव मूलतः अपने पिता के व्यापारिक हितों तथा उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के साथ डीलिंग का काम करते हैं और राजनीति से उनका कोई लेना देना नहीं है। लेकिन अशोक गहलोत का एकमात्र मिशन रह गया है, जूनियर गहलोत को जितवाना।

इसके बिल्कुल विपरीत सचिन पायलट अपनी पार्टी के उम्मीदारों के चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान भर में दौरा कर रहे हैं। उनकी सभाओं में दौरे घूम भारी भीड़ उमड़ रही है और वे जनता से कांग्रेस के लिए समर्थन मांग रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि गहलोत कहीं भी चुनाव प्रचार करते नहीं दिख रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें एक राजस्थान में कांग्रेस की चुनाव प्रचार कमेटी का चेयरमैन बना दिया गया है जो अपने आप में हैरान कर देने वाली घटना है।

ए.आई.सी.सी. में इसको लेकर चर्चा है कि गहलोत ने शायद स्वयं को चुनाव प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनवाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को राजी किया होगा।

वैभव गहलोत के पक्ष में जालोर-सिरोही में आगामी 14 अप्रेल को हो रही रैली को संबोधित करने के लिए गहलोत ने प्रियंका गांधी को भी मना लिया है। राहुल गांधी जोधपुर में करण सिंह के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

एक पुरानी कहावत है, चीजें जितनी ज्यादा बदलती हैं उतनी ही ज्यादा वे मूल स्वरूप में होती है। लगता है ऐसी ही गाथा कुछ कांग्रेस और गहलोत की है।

## कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस में समझौते पर मुहर लगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस ने सोमवार को घोषित किया कि, उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू व कश्मीर एवं लद्दाख में संयुक्त रूप से मिलकर लड़ने का निर्णय किया है दोनों पार्टियां तीन-तीन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतरेंगी।

नैशनल कॉन्फ्रैंस अनंतनाग, श्रीनगर व बारामूला की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी जबकि कांग्रेस उधमपुर, जम्मू व लद्दाख सीट पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

दिल्ली में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेता उमर अब्दुल्लाह कहा कि नैशनल कॉन्फ्रैंस उधमपुर, जम्मू व लद्दाख सीट पर कांग्रेसी प्रत्याशियों का समर्थन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि "इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने से जम्मू व कश्मीर एवं लद्दाख की जनता की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी और उनका संसद में सही मायने में प्रतिनिधित्व होगा।"

- जम्मू कश्मीर में दोनों दल 3-3 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

सीटों के बंटवारे का यह समझौता कांग्रेस व नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेताओं के मध्य विस्तृत चर्चा के बाद लिया गया है। इस पत्रकार सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सीट शेयरिंग कमेटी के एक सदस्य सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे।

जब इंडिया गठबंधन में पी.डी.पी. के शामिल होने के बारे में सवाल किया तो उसके जवाब में उन्होंने कहा कि पी.डी.पी. अभी भी गठबंधन का हिस्सा

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## मजबूत तिमाही नतीजे आने की उम्मीद में बाजार नये शिखर पर

### मैटल्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली देखी गई

मुंबई 8 अप्रैल (वार्ता)। दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे मजबूत रहने की उम्मीद में ऑटो, तेल एवं गैस, ऊर्जा, सीडी, धातु और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 494.28 अंक अर्थात 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,742.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,666.30 अंक के शिखर पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 40,937.30 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत फिसलकर 46,003.86 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4055 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1898 में लिवाली जबकि 2033 में बिकवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 37 कंपनियां हरे जबकि शेष 13 लाल निशान पर बंद हुईं।

विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम आने वाले हैं। इन कंपनियों की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद में आज निवेश धारणा मजबूत रही और बाजार उछल गया। ऑटो, रियल्टी, तेल एवं गैस और सीडी समूह ने बेहतर प्रदर्शन किया जबकि खर्च में मंदी के कारण चौथी तिमाही की धीमी रफ्तार की आशंका से आईटी समूह के शेयर सुस्त रहे। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े जारी होने के बाद निवेशक इस सप्ताह अमेरिकी महंगाई आंकड़े, यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के नीतिगत निर्णय और ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े का इंतजार कर रहे हैं।

बीएसई के 16 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.72, सीडी 1.14, ऊर्जा 1.24, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.23, इंडस्ट्रियल्स 0.52, दूरसंचार 0.74, यूटिलिटीज 0.90, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.45, कैपिटल गुड्स 0.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.78, धातु 1.10, तेल एवं गैस 1.51, पावर 0.58 और रियल्टी समूह के शेयर 1.21 प्रतिशत मजबूत रहे।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.57, जापान का निक्केई 0.91, हांगकांग का हैंगसेंग 0.05 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 307 अंक की तेजी के साथ 74,555.44 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,410.07 अंक के निचले स्तर तक आ गया। वहीं, इसके बाद हुई लिवाली के दम पर दोपहर बाद यह 74,869.30 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,248.22 अंक के मुकाबले 0.67 प्रतिशत उछलकर 74,742.50 अंक हो गया।

निफ्टी भी 65 अंक की बढ़त लेकर 22,578.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,550.35 अंक के निचले जबकि 22,697.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,513.70 अंक की तुलना में 0.68 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,666.30 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें मारुति 3.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.22, एनटीपीसी 2.54, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.39, एलटी 1.92, रिलायंस 1.75, एक्सिस बैंक 1.61, पावरग्रिड 1.24, भारती एयरटेल 1.18, इंडसइंड बैंक 1.11, टाटा स्टील 1.10, टाटा मोटर्स 0.59, एसबीआई 0.53, आईसीआईसीआई बैंक 0.30, टेक महिंद्रा 0.16 और बजाज फाइनेंस 0.04 प्रतिशत शामिल हैं। वहीं, नेस्ले इंडिया 1.59, विप्रो 1.09, सन फार्मा 0.51, एचसीएल टेक 0.37, टाइटन 0.32, एचडीएफसी बैंक 0.22, इंफोसिस 0.17 और टीसीएस के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## आज दिल्ली में एन.डी.ए. की और बैंगलुरू में इंडिया ब्लॉक की मीटिंग

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। मंगलवार को नई दिल्ली में सत्तारूढ़ नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) की मीटिंग हो रही है इसमें 38 पार्टियों के नेता शामिल होंगे, इनमें वो दल भी शामिल हैं जिनका संसद में कोई प्रतिनिधि नहीं है।

- एन.डी.ए. की मीटिंग में 38 पार्टियां शामिल होंगी, वहीं इंडिया ब्लॉक की बैठक में 26 पार्टियां भाग लेंगी।

एक पत्रकार सम्मेलन में सोमवार को इस बैठक के बारे में घोषणा करते हुए भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पिछले वर्षों में एन.डी.ए. की लोगों तक पहुंच व उसकी संभावना में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सकारात्मक योजनाओं व नीतियों के कारण एन.डी.ए. के घटक

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## पूर्व मु.मंत्री वाय.एस.आर. की राजनीतिक विरासत के लिये भाई-बहन आमने सामने

### वर्तमान मु.मंत्री वाय.एस. जगन मोहन रेड्डी व उनकी बहन शर्मिला, जो कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष भी हैं, के बीच चल रहे युद्ध ने चुनावों को रोचक बना दिया है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। आंध्र प्रदेश सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाय.एस.आर.सी.पी.) और तेलुगू देसम पार्टी (टी.डी.पी.) के बीच एक मजेदार चुनावी मुकाबले का साक्षी बन रहा है।

टी.डी.पी., जन सेना और भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन में हैं, लेकिन एक और अधिक दिलचस्प छोटा मुकाबला मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी और उनकी बहन वाय.एस. शर्मिला के बीच अपने पिता की विरासत को लेकर है। संयोगवश, वाय.एस. शर्मिला ने इस वर्ष की शुरुआत में ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रमुख का पद संभाला है।

- मजे की बात यह है कि इस रोचक जंग में भाजपा पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यहां जगन मोहन की पार्टी और चन्द्र बाबू नायडू की पार्टी, चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनी तो, मोदी को अपना समर्थन देना जारी रखेगी।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव एक उम्मीद के मुताबिक द्वि ध्रुवीय संघर्ष होता, लेकिन यहाँ कांग्रेस के पुनरुत्थान और शर्मिला के मौजूदगी ने इसे रोचक बना दिया है। शर्मिला वाय.एस.आर. की बिद्दा अर्थात बेटी के नाम पर वोट मांग कर अपने चुनाव प्रचार में एक भावनात्मक पुट डाल रही हैं। हालांकि, उन्होंने अपने भाई पर कुशासन का आरोप लगाने की कभी कोशिश नहीं की, लेकिन वे उनके आपराधिक अतीत को लेकर जरूर आरोप लगा रही हैं जिसमें वह राजनीतिक हत्याओं के कथित रूप से मास्टरमाइंड रहे थे।

मजेदार बात यह है कि आंध्र प्रदेश में कोई भी जीते भाजपा को कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव परिणाम के बाद बनने वाली केन्द्र सरकार के दौरान वाय.एस.आर.सी.पी. और टी.डी.पी. दोनों ही भाजपा का समर्थन करेंगे। वाय.एस.आर.पी. ने प्रत्येक मुद्दे पर संसद में भाजपा सरकार का समर्थन कर हर मुश्किल वक्त में उसका साथ

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## वर्तमान चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्र.मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। वर्तमान चुनाव में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पहली शिकायत दर्ज करवाई। कांग्रेस ने सोमवार को मोदी पर आरोप लगाया कि वे कांग्रेस के घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग आज़ादी से पहले की विचारधारा और सोच से कर रहे है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इस पर कार्यवाही करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छः अप्रैल को अजमेर में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र को "झूठ का पुलिंदा" बताया था और कहा कि, इसमें "आजादी से पहले की मुस्लिम लीग के विचारों की गहरी" छाप नजर आती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, मोदी की टिप्पणियों ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और भारतीय दंड संहिता (इंडियन पीनल कोड) की धारा 153के तहत, "दो समुदायों के बीच धर्म के आधार पर शत्रुता फैलाने" के लिए दण्डनीय कृत्य है।


- चुनाव आयुक्त के समक्ष यह शिकायत दर्ज करते हुए, कांग्रेस के कहा, प्र.मंत्री मोदी ने अजमेर में विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस का वर्तमान सोच व चिंतन में आज़ादी के पूर्व मुस्लिम लीग की फिलॉसफी का प्रतिबिम्ब है और यही सोच देश के विभाजन का आधार बनी थी।
- शिकायत के अनुसार, प्र.मंत्री ने जनता को धर्म के नाम पर ध्रुवीकृत करके चुनाव में लाभ उठाने का प्रयास किया है। दो समुदायों में साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया है, अतः प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये।
- एक अन्य शिकायत में कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि, भाजपा ने भारतीय सेना व जवानों के फोटो को अपने चुनाव प्रचार में उपयोग किया है, जो कानूनन वर्जित है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत में कहा है, "असत्य, अज्ञात और अफसोसजनक दावे करके, नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं की भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया है। विभाजन की दहशत की याद दिलाई, मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की है।" शिकायत में कहा गया है कि, प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से कांग्रेस समर्थकों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है क्योंकि उन्होंने जनता को विश्वास दिला दिया है कि कांग्रेस "भारत को विभाजित" करना चाहती है।

कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा, "यही वक्त है जब चुनाव आयोग, सभी राजनैतिक दलों को समान अवसर देना सुनिश्चित करके, अपनी निष्पक्षता दर्शा सकता है। अपने स्तर पर, इस शासन को बेनकाब करने के लिए, हम सभी रास्तों, राजनैतिक और कानूनी की खोज करते रहेंगे।"

मोदी की टिप्पणियों पर की गयी शिकायत, उन पांच शिकायतों में से एक है जो कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की है। एक अन्य शिकायत में पार्टी ने प्रधानमंत्री के रक्षा कर्मियों के साथ बने हुए विडियो का चुनाव प्रचार में इस्तेमाल करने के लिए, भाजपा के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री, स्मृति ईरानी के "एक्स" पर एक हालिया पोस्ट को उद्धृत किया,

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सी.एम. भजनलाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया

## जैसलमेर में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

- मुख्यमंत्री ने बैठक लेकर चुनाव जीतने के लिये चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा


**जैसलमेर,** (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास पर विशेष विमान से रविवार रात्रि को जैसलमेर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भाजपा ज़िला कार्यालय में ज़िला, मण्डल व मोर्चा पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक ली व फीडबैक लिया। साथ ही चुनाव जीतने के लिये सभी से चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेसी पार्षद दुर्गा देवी, प्रतिनिधि ओमसिंह, पार्षद उपदेश कुमार, रूखी देवी, सिकंदर खान, पार्षद पिंकु देवी प्रतिनिधि नरपतसिंह टेकारा, सुमेरसिंह पूर्व उप ज़िला प्रमुख, दुर्गाशंकर भार्गव व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जवाहर सुथार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ज़िलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा व विधायक छोटुसिंह भाटी ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सभी का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले जनसंघ की स्थापना से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई व आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत व राष्ट्रवाद नीतियों के कारण ही संभव हुआ है कि हम चार सौ के पार होने जा रहे हैं। मोदी की प्रशंसा करते हुये कहा कि पिछले दस वर्षों में अनगिनत विकास कार्य हुये हैं जिसमें जनधन खाते, ग़रीब को छत, महिलाओं को धुएं से मुक्ति, घर-घर शौचालय, धारा 370, राम मंदिर निर्माण, किसान निधि, तीन तलाक़ व महिला आरक्षण आदि अनगिनत कार्य हुये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ व भारत विश्व की तीसरी शक्ति बनने जा रहा है। कार्यकर्ताओं को इस चुनाव रूपी परीक्षा में खरा उतरना है व अपने अपने बूथ में भाजपा को आगे रखना है।

बैठक में केबिनेट मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रदेश मंत्री आईदानसिंह भाटी, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपूरी, ज़िला संगठन प्रभारी रामसवरूप गोधा, लोकसभा संयोजक बाबूसिंह राजपुरोहित, ज़िला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पूर्व विधायक साँगसिंह भाटी, प्रधान जनकसिंह भाटी व तनसिंह भाटी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी व बाल भारती महाराज के अलावा जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय होटल में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने निमंत्रित सभी समाज प्रमुखों से देश के विकास के लिये भाजपा के हाथ मज़बूत करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने देश की सांस्कृतिक धरोहर के पुनर्रुत्थान के लिये काम किया है। करोना काल में जिसने सबकी रक्षा की है, भारत विश्व की शक्ति बनाने जा रहा है उसे वोट देकर राष्ट्र को मज़बूत करें। युवाओं को संबोधन में कहा कि जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर देश हित में अपना मत दें।

# 52 लाख रूपए के गांजे के पौधे जब्त, दो गिरफ्तार

## चारे व सौंफ की खेती की आड़ में उगाये जा रहे गांजे के पौधे जब्त किये



पुलिस ने गांजे की खेती करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**निवाई,** (निसं)। पुलिस ने चारे व सौंफ की खेती की आड में उगाए अवैध गांजे के पौधे जब्त किये हैं। वहीं दो जनों को गिरफ्तार किया है। गांजे की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 52 लाख रूपए बताई जा रही है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मध्येनजर रखते हुए पुलिस मुख्यालय एवं रेंज स्तर पर अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार व पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन में दतवास थानाधिकारी हेमन्त जनागल मय विशेष टीम व डीएसटी टीम टोंक के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुये रविवार की शाम को ग्राम टोरडी में खेत में फसल की आड में अवैध गांजा की खेती करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं अवैध रूप से उगाए गए 522 किलो ग्राम गांजे के पौधे जब्त किए हैं। जब्त किए गए गांजे की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 52 लाख रूपये है।

उन्होंने बताया कि गांजा की अवैध खेती की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर चारे व सौंफ की खेती की आड में उगाए अवैध गांजा के पौधों को उखाडकर जब्त किया है। जिनका वजन 429 किलोग्राम है। आरोपी पप्पू कीर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार आरोपी भैरूलाल कीर द्वारा अवैध रूप से उगाए गये गांजा के पौधों को भी उखाड़कर जब्त किया गया है। जिनका वजन 93 किलोग्राम है। आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान सदर थानाधिकारी जयमल सिंह द्वारा किया जा रहा है।

### श्रमिक ने फांसी लगाई

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार रात में वैशाली बिहार हॉल मादडी रोड नं. 2 हनुमान मंदिर के पिछे प्रतापनगर में रहने वाले हरिवंश साहनी (35) पुत्र सन्त साहनी ने अपने मकान में फांसी लगा ली। हरिवंश मकान चुनाई का काम करता था एवं रात में शराब पीकर घर आया था।

# भारत बाबर का नहीं, रघुवर का देश है : पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

## पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गजेंद्र सिंह शेखावत के घर भोजन किया



बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जोधपुर पहुंचने पर स्वागत किया।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में सोमवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धर्म सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत बाबर का नहीं, रघुवर का देश है। उन्होंने आध्यात्मिक समाधान सत्र में श्रद्धालुओं को संबोधित करते कहा धर्म विरोधियों की ठठरी भी बाधेंगे। हम किसी भी मजहब के विरोधी नहीं है लेकिन अपने धर्म के कट्टर भी हैं। कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। लोग हमसे कहते हैं आपको किसी से डर नहीं लगता। हमने कहा हम हिंदुओं को एकजुट करने आए हैं। जब तक हमारे तन में प्राण रहेंगे तब तक हम हिंदुओं को एक करते रहेंगे।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर के मंच पर आने से पहले ही मंच पर हंगामा हो गया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर के पीए ने मंच पर बैठे लोगों को नीचे उतार दिया। कहा राजनीतिक लोग मंच पर नहीं बैठेंगे। इस दौरान मंच पर लगी कुर्सियों पर बैठे लोग उतरकर नीचे जाने लगे। ये देख विहिप के नेता महेंद्र सिंह तैश में आ गए। उन्होंने मंच पर ही माइक लेकर मंच संचालक को उलहाना दिया। कहा कि यह राजनीतिक पार्टियों के लोग नहीं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता है। इस दौरान मंच पर कुछ मिनट के लिए गहमागहमी भी रही बाद में। समझाइश के बाद सभी कार्यकर्ताओं को वापस मंच पर बिठाया गया।

उन्होंने कहा कि लोग हमसे कहते हैं आप दरबार क्यों लगाते हो। हम सनातनीय हिंदुओं के भरोसे को बनाने के लिए दरबार लगाता हूं। जो यह कहते हैं सनातन धर्म पाखंड है ऐसे लोगों के मुंह पर तमाचा मारने के लिए ही दरबार लगाते हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर में भी घर-घर भगवा लहराएंगे। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने अपने प्रवचन में युवाओं को नशे से दूर रहने, हनुमानजी की भक्ति करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जोधपुर लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हुए।

इससे पूर्व जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद धीरेंद्र शास्त्री भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के घर पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने भोजन किया। शास्त्री के कार्यक्रम में शेखावत भी मंच पर पहुंचे। शेखावत ने मंच से लोगों का अभिवादन किया। शास्त्री ने गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम लेकर कहा अब तैयारी करो पांच सात दिन की कथा जोधपुर में करेंगे। दिव्य दरबार भी लगाएंगे। जात पात मिटाकर हिंदुओं को एक करेंगे। इससे पूर्व शास्त्री ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा इस बार जय-जयकार होगी।

# सीनियर पीटीआई परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाला दूसरा अभ्यर्थी भी गिरफ्तार

- पूछताछ में खुलासा हुआ कि नौकरी लगने पर तनख्वाह से रकम चुकाने का ऑफर दिया था
- रविवार को एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया था, मामले में अभी भी दो अभ्यर्थी फरार चल रहे हैं

**अजमेर,** (निसं)। आरपीएससी द्वारा आयोजित सीनियर पीटीआई भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने डमी अभ्यर्थियों को बैठाने वाले दूसरे अभ्यर्थी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि रविवार को पहले एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में अभी भी दो अभ्यर्थी फरार चल रहे हैं। वहीं पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे दोनों डमी अभ्यर्थियों को नहीं जानते, लेकिन सौदा करने वाले ने उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए इंटरव्यू में पास होने पर नौकरी लगने पर मिलने वाली तनख्वाह से पैसा चुकाने का ऑफर दिया था। पुलिस ने दोनों अभ्यर्थियों को अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर अदालत से छह दिन के रिमांड लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एक-दूसरे को नहीं जानते अभ्यर्थी:-जांच अधिकारी एएसपी (अभय कमांड सेंटर) संजय चंपावत ने बताया कि पुलिस आरोपियों से हुई पूछताछ में जुटी है। एक अभ्यर्थी से पन्द्रह लाख में सौदा तय होना बताया, जबकि दोनों एक दूसरे को नहीं जानते तक नहीं है। सौदा करने वाले भी दो लोग अलग-अलग है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभ्यर्थी किसान परिवार से हैं, इसलिए दोनों में कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि डमी अभ्यर्थी बैठाकर नौकरी में सिलेक्शन का सौदा करने वालों ने इन दोनों अभ्यर्थियों की गरीब हालत को देखते हुए इन्हें ऑफर दिया था कि जब नौकरी लग जाएगी तो जो तनख्वाह की राशि मिलेगी उससे रकम चुका दी जाए। फिलहाल ये सौदा किससे किया, उसके बारे में दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में फरार चल रहे अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही मामले का पूरा खुलासा हो सकेगा। पूछताछ में पता चला कि कैंडिडेट ने केवल फार्म भरे और इसके बाद वे दलाल के सम्पर्क में भी आए। दलाल ने ही उनके स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने की व्यवस्था की थी, जिसके बारे में उनको कोई जानकारी नहीं थी।

पुलिस ने प्रकरण में अभी 2 मुख्य अभ्यर्थी गोपाल व गैनाराम की तलाश है, इसके अलावा पुलिस को कैलाश, राकेश, गोपाल व गैनाराम के स्थान पर परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थियों की भी तलाश है। मालूम हो विगत दिनों आरपीएससी प्रबंधन की ओर से चार अभ्यर्थियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो अभ्यर्थी राकेश पुत्र कैलाश मेदा (बांसवाड़ा) और कैलाश पुत्र जोगाराम जांगू (जोधपुर) को गिरफ्तार किया है। वहीं दो अभ्यर्थी गोपीलाल पुत्र बाबूलाल, गैनाराम पुत्र जैसाराम (बाड़मेर) अभी फरार है, साथ ही डमी अभ्यर्थी व सौदा करने वाले आरोपी भी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश है।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में नकल, डमी अभ्यर्थी व धांधली को लेकर राज्य सरकार ने धारा 3/10 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम 2022 में मुकदमा दर्जकर अनुसंधान अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से करवाने के आदेश दिए थे। एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुपप) लगातार अनुसंधान में जुटी है। ऐसे में जांच एसओजी को सौंपी जा सकती है।

आयोग के अधिकारी प्रवीण मीणा ने बताया कि 5 अप्रैल को सिविल लाइन थाने में चार अभ्यर्थियों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मीणा ने बताया कि फर्जीवाड़ा तब सामने आया जब पास हुए अभ्यर्थियों को दस्तावेज सात्यापन के लिए आयोग बुलाया था, इनमें 31 अभ्यर्थी नहीं पहुंचे थे, तब आयोग ने उन्हें अवसर देते हुए 23 फरवरी को पुनः बुलाया गया, लेकिन तब भी 4 अभ्यर्थी राकेश पुत्र कैलाश मेदा (बांसवाड़ा), गोपीलाल पुत्र बाबूलाल (जालोर), गैनाराम पुत्र जैसाराम (बाड़मेर) और कैलाश पुत्र जोगाराम जांगू (जोधपुर) नहीं पहुंचे। आरोपियों को 3 अप्रैल को फिर बुलाया गया, लेकिन वे नहीं आए। आरोपियों ने प्रवेश पत्र में स्वयं की फोटो की जगह स्कैन फोटो लगाकर परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# आईओसी की पाइप लाइन में कच्चा तेल चोरी का प्रयास

- खुदाई के दौरान बजा अलार्म, पुलिस व आइओसी अधिकारी मौके पर पहुंचे, आरोपी फरार

**अजमेर,** (निसं)। ब्यावर के साकेत नगर थाने में आईओसी की पाइप लाइन में सेंधमारी कर कच्चा तेल चुराने का मामला सामने आया है। चोरों ने जमीन के नीचे से गुजर रही पाइप लाइन के ऊपर बड़ा गड्ढा खोदकर पाइप लाइन से तेल चुराने का प्रयास किया, लेकिन अलार्म बजने से आइओसी अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। आईओसीएल के असिस्टेंट मैनेजर ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ सेंधमारी कर तेल चोरी करने का मामला दर्ज कराया है। आइओसी पाइप लाइन में पहले भी कई बार सेंधमारी व क्रूड ऑयल चोरी के मामले सामने आ चुके हैं।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के धोलाभाटा निवासी आईओसीएल के सहायक प्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन) संजय कुमार पुत्र बलवंत कुमार ब्यावर के साकेत नगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आईओसी की पाइप लाइन में सेंधमारी कर क्रूड ऑयल चुराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में संजय ने बताया कि कंट्रोल रूम में पाइप लाइन पर खुदाई का अलार्म बजा था, इसके बाद रात्रि गश्त टीम के गार्ड पन्ना सिंह और मोहन सिंह ने पाइप लाइन की जांच की मौके पर ताजा मिट्टी खुदी हुई पाई गई और खेत की मेड पर झाड़ियां भी हटाई हुई मिली।

आईओसी के सहायक प्रबंधक संजय ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा जमीन के नीचे से गुजर रही पाइप लाइन के ठीक ऊपर गड्ढा खोदा गया था। इससे स्पष्ट होता है कि क्रूड ऑयल चुराने वाले चोरों ने पाइप लाइन से पेट्रोलियम कच्चे तेल की चोरी का प्रयास किया। रात्रि गश्त की मुस्तैदी के कारण अज्ञात चोर तेल चोरी करने में असफल रहे।

आईओसी के सहायक प्रबंधक संजय ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत सरकार का एक उपक्रम है। पाइप लाइन के माध्यम से अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोलियम उत्पादों का बहाव बहुत तीव्र गति से होता है। अनधिकृत क्लैंप/वाल्व तंत्र को लगा कर तेल चोरी और पाइप लाइन के साथ छेड़छाड़ का कार्य न केवल संपत्ति की हानि है बल्कि अत्यधिक ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों, कच्चे तेल वाली पाइप लाइन के साथ इस तरह की अनुचित छेड़छाड़ से विस्फोट होने का खतरा है, जिससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है। इस स्थिति के कारण पाइप लाइन से रिफाइनरी को कच्चे तेल की आपूर्ति नहीं होने के कारण आस पास में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बंद हो सकती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई चेतन कुमार को सौंपी है।

### शिकायत पर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

**गंगापुर सिटी।** राजकीय पीजी महाविद्यालय, गंगापुर सिटी के पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.रमेश चंद बैरवा ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधिक्षक गंगापुर सिटी को शिकायत पत्र भेजकर कॉलेज प्राचार्य की शिकायत पर उदेई मोड़ थाना, गंगापुर सिटी के पुलिस जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मुरारी लाल मीणा द्वारा कार्यवाही नहीं करने तथा शिकायतकर्ता पर समझौते का दबाब बनाने की शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। चिंता की बात है कि प्राचार्य जैसे उच्च अधिकारी द्वारा थाने में दी गई शिकायत को करीब एक साल होने को है, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। बयान तक नहीं लिए हैं,इससे आरोपी रामकेश मीणा के हौसले बुलंद है। शिकायतकर्ता को आए दिन धमकाता है। शिकायतकर्ता भयभीत है तथा मानसिक संताप झेल रहा है।

# सूने मकान से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**अजमेर,** (निसं)। शहर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में होटल के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को बाइक चोर चोरी कर ले गए। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियन गंज थाने के एएसआई जगमाल दायमा ने बताया कि थाना क्षेत्र के पसंद नगर कोटड़ा में रहने वाले सेना में तैनात जवान जुगराज जाट के घर चोरी होने की घटना सामने आया है। बेटे रिछपाल जाट ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित रिछपाल ने बताया कि बताया कि वह अपने परिवार के साथ गांव गया हुआ था। मकान सूना देखकर चोर पीछे से घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और 7 तोला सोना, 500 ग्राम चांदी सहित 26 हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। जब वह गांव से वापस लौटे तो कमरों में सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था। एएसआई दायमा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर घर का मौका मुआयना किया है, घर के आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। गत दिनों लावारिस हालत में गोवर्धन सागर तालाब में मिली महिला ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल को शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र गोवर्धन सागर में महिला के पानी में डूबने की सूचना मिली। थानाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस निश्चय प्रसाद, एसआई अर्जुनलाल मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर उसे बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया था।

# डोडा-पोस्त सहित 16.50 लाख की नकदी बरामद

- पोस्त लदे कैंटर व उसको एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो जीप को जब्त किया
- तस्करी के दोनों आरोपी हरियाणा के हैं, मुख्य आरोपी पहले से पोस्त तस्करी से जुड़ा है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिला विशेष टीम के सहयोग से जंक्शन पुलिस ने पोस्त की बड़ी खेप तथा लाखों रुपए की संदिग्ध नकदी जब्त की है। पोस्त लदे कैंटर व उसको एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो जीप सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 95 किलोग्राम पोस्त तथा 16 लाख 50 हजार रुपए की नकदी जब्त की। तस्करी के दोनों आरोपी हरियाणा के निवासी हैं। उनमें से मुख्य आरोपी पहले से पोस्त तस्करी के धंधे से जुड़ा हुआ है तथा उसके खिलाफ नशे की तस्करी आदि के कई मामले दर्ज हैं। उन कई प्रकरणों में वह वांछित है।

जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को एसआई गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान डीएसटी की सूचना पर कैंटर व उसे एस्कॉर्ट कर रही स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाकर तलाशी। कैंटर से 95 किलोग्राम डोडा-पोस्त तथा 16 लाख 50 हजार रुपए की नकदी मिली। पोस्त व नकदी बरामद कर रण सिंह उर्फ विजय उर्फ अजय (40) पुत्र कृष्ण कुमार बिश्नोई निवासी गांव भोडियाखेड़ा पीएस फतेहबाद जिला फतेहबाद हरियाणा तथा अनिल कुमार (32) पुत्र चानणराम बिश्नोई निवासी सदलपुर पीएस मंडी आदमपुर जिला हिसार हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों वाहन जब्त कर लिए। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच गोलूवाला पुलिस थाना प्रभारी एसआई रमेश पन्नू को सौंपी गई है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई गजेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल अमरचन्द, संदीप कुमार, मेजर सिंह व बलदेव सिंह शामिल रहे।

# बुजुर्ग बोझ नहीं हमारी संपत्ति है : पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द

## तारा संस्थान के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द शामिल हुए

**उदयपुर,** (कासं)। बुजुर्ग बोझ नहीं, वे एसेट हैं, वे अनुभव का खजाना है, वे हमारी सम्पत्ति है। यही नहीं बुजुर्गों का होना एक आश्वासन है। एक परिवार में बुजुर्गं की बहुत उपयोगिता होती है। हर काल और समय में उनकी उपयोगिता सार्थक होती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि बुजुर्गों में अनुभव का धन और आत्मविश्वास का बल होता है। ये बात तारा संस्थान उदयपुर के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मां द्रोपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में सोमवार को आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने व्यक्त किये। इससे पूर्व तारा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना गोयल एवं संस्थापक सचिव दीपेश मित्तल ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत किया।

पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द ने कहा कि हर परिवार की अपनी अलग कहानियां होती है। कोई कहानी छोटी होती है, कोई बड़ी होती है। उन्हें सुनने और सुनाने में ही हमारा जीवन गुजर जाता है। इसलिए हमें यह सोचना चाहिये कि हमने आज तक केवल लिया ही लिया है, हमने समाज को दिया क्या है। जिस दिन आप में देने का भाव आ जाएगा, यकीन मानिये जितना आनन्द लेने में आ रहा था, उससे दुगुना आनन्द देने में आएगा। उन्होंने मेवाड़ की पवित्र पावन धरती की महानता को दर्शाते हुए कहा कि इस धरती पर महाराणा प्रताप, भामाशाह और मीरां बाई जैसी महान विभूतियां हुई हैं। उन्हें देश ही नहीं दुनिया में महानता प्रदान की जाती है। उदयपुर के लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए कभी भी पीछे नहीं हटते हैं। इस धरा की कहानियां प्रेरणादायी है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि तारा संस्थान के संचालक भी उन्हीं के वंशज लगते हैं जो आज इतने बड़े स्तर पर बुजुर्गों और पीड़ितों की सेवा में लगे हुए हैं।



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द का तारा संस्थान के समारोह में स्वागत किया।

तारा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना गोयल ने कहा कि ऐसा पुनीत कार्य करने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता से मिली। पहले वह बुजुर्गों की ऐसी स्थितियां देख कर बहुत भावुक हो जाया करती थी लेकिन धीरे-धीरे इनके साथ रह कर इनकी सेवा करने का अवसर मिला तो अब उनमें हिम्मत ओर हौंसला पैदा हो गया है और इन सभी की सेवा करने में उन्हें आनन्द आता है। पहले इसकी शुरूआत छोटे रूप में की थी और आज यह बड़े रूप में जैसा भी है सभी के सामने है।

समारोह में तारा संस्थान की और से संचालित 'मस्ती की पाठशाला' के बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुति देते हुए राम आएंगे भजन पर नाट्यय का मंचन किया। इसके बाद बुजुर्ग फैशन शो हुआ। इससे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द मां द्रोपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में एक-एक कर बुजुर्गों से मिले और उनसे बातचीत की। कोविन्द जब संस्थान के बुजुर्गों के मेडिकल वार्ड में पहुंचे तो वहां पर उनकी मेडिकल सुविधाओं की जानकारी ली एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के बारे में जाना। इसी वार्ड में बुजुर्ग बृजकिशोर शर्मा से जब कोविन्द मिले और उनका हालचाल जानने के बाद वहां से जाने लगे तब उन्हें पता लगा कि ये गाना बहुत अच्छा गाते हैं। यह सुनकर कोविन्द के कहने पर बृजकिशोर ने 'जाने वो कैसे लोग थे जिन्हें प्यार ही प्यार मिला' गीत गाया। यह सुनकर कोविन्द मुस्कुराये और कहा कि यह गाना आपके ऊपर लागू नहीं होता है। यह सुनकर उन्होंने एक और गाना 'छोड़ दे सारी दुनिया किसी के लिए ये मुनासिब नहीं आदमी के लिए' गाया।

# उर्मिला जैन ने किया डेढ़ दर्जन पंचायतों का दौरा

**झालावाड़** । लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया द्वारा अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के तहत आज खानपुर विधानसभा क्षेत्र के बकानी ब्लॉक के डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसम्पर्क किया ।

खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर ने बताया कि झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रत्यशी उर्मिला जैन भाया द्वारा सोमवार को विधानसभा क्षेत्र खानपुर के ब्लॉक बकानी की रीछवा, नसीराबाद, बडबड, सलावद, झिझनिया, करलगांव, देवनगर, रेपला, नानौर, बडाय, बरखेडाकलां, मोडी, थोबडिया खुर्द, बकानी, गरवाडा, खेरिया, रटलाई एवं रिझोन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आमजन के बीच पहुंचकर बुजुर्गा से चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर जनसम्पर्क किया।

जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान उर्मिला जैन भाया ने कहा राजा और सेवक में फर्क समझो। राजा जीत कर महलों में जाएंगे और हम सदैव आपके बीच रहेंगे। उर्मिला जैन भाया के जनसम्पर्क के दौरान ब्लॉक प्रभारी बकानी भरत चतुर्वेदी, छगन सिंह गुर्जर, हेमराज सहित कांठोस पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेसजन आदि भी उपस्थित रहे।



लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने जनसम्पर्क किया।

## घट स्थापना से होगी नवरात्र की शुरुआत

**बूंदी।** शक्ति की भक्ति का चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आज से आरंभ हो रहा है, जिसमें उपासक स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिलाने के लिए परम ब्रह्म शक्ति की उपासना करते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं।

ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम ने बताया कि इस बार नवरात्रि में गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश राजयोग, बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग एक साथ बन रहे हैं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। चैत्र नवरात्र पर इस बार अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। इन सभी संयोग के बीच पूरे नौ दिन मां दुर्गा की आराधना अति शुभ रहेगी। जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी परम शक्ति की श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 8 अप्रैल को रात्रि 11 बजकर 49 मिनट पर प्रारंभ होकर 9 अप्रैल को रात 8 बजकर 30 मिनट तक रहेगी।

## ' एक शाम सिंधीयत के नाम'

**कोटा,** (निसं)। पूज्य सिन्धी पंचायत समिति विज्ञान नगर की ओर से कल रात कोटा में एक शाम सिंधीयत के नाम आयोजित की गई जिसमें कोटा के आठ समाज सेवियों को और 11 समाज सेवी संस्थाओं को मुख्य अतिथि डॉ. अमिता बिरला, विधयाक संदीप शर्मा, श्री अमरधाम झूलेलाल मंदिर ,चक्रभाटा, छत्तीसगढ़ के संत साई लालदास साहिब , चेन्नई से आए श्री प्रेम प्रकाश आश्रम के संत जितेंद्र कुमार, कोटा के संत श्यामलाल ने सम्मानित किया। साईं लालदास जी के भजनों का देर रात तक उपस्थित भक्तों ने आंनद लिया। वे सभी सिन्धी गीतों और भजनों पर झूमते रहे। साईं लालदास जी ने झूलेलाल की कथा भी सुनाई। वरिष्ठ लेखक किशन रतनानी ने सभी अथितियों को अपनी लिखी कहानी संग्रह भेंट की। प्रारम्भ मैं विज्ञान नगर सिन्धी पंचायत के अद्यक्ष सुन्दरदास दलवानी, संरक्षक विनोद अजवानी, संगठन मंत्री शंकर अम्बवानी, उपाद्यक्ष लक्ष्मण अम्बवानी, सलाहकार ओम टेकवानी,सोनू प्रेमानी आदि ने अतिथियों के स्वागत किया। साई लालदास जी ने डॉ. अमिता बिरला, संदीप शर्मा को झूलेलाल की प्रतिमा भेंट की। सम्मानित होने वालों में समाजसेवी लधा राम ग्वालानी, हरीश दायनी, किशोर मदनानी थे। जिन संस्थाओं का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### मतदान के लिए जागरूक किया

**छबड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को शत्-प्रतिशत् मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व पालिका कर्मिको की बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही, मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली । ईओ सुरेश कुमार रैगर ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत शत्-प्रतिशत् मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बैठक आयोजित हुई। जिसमें स्वयं समूहों को मोबाइल एप्लीकेशन की जानकारी व हेल्प नम्बर 1950 की जानकारी देते हुए मतदान केंद्रो पर दी जाने वाली सुविधाओ के संबंध में जानकारी तथा रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया । इस अवसर सत्यनारायण नागर, मोहम्मद हनीफ, मदनमोहन भार्गव, युसुफ खान, रवि यादव व विजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 21 युवाओं ने किया रक्तदान

**कोटा,** (निसं)। श्री सत्य सांई सेवा समिति के तत्वावधान में रक्दान शिविर व कई धार्मिक आयोजन किए गए। कार्यक्रम संयोजक लिंगराज बिहारी ने बताया कि श्री सांई जन्मोत्सव के उपलक्ष में अजय आहुजा नगर उड़िया बस्ती में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मजदूर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस अवसर पर एक और तो साई बाबा के भजन चल रहे थे तो दूसरी और रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह वह तबका है जो समाज में काफी पिछड़ा है लेकिन इस तरह के रक्तदान शिविर में इनकी जागरूकता को देखकर लगता है कि समाज में अब जागृति आ रही है। इस वर्ग द्वारा सांई बाबा के उद्देश्यों और उनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए मानव सेवा के प्रयास निरंतर किया जा रहे हैं। सेवा समिति के स्टेट कोऑर्डिनेटर धनराज गुप्ता ने कहा कि इंसान ही इंसान के काम आता है और सांई बाबा सभी धर्म को मानते हुए सभी की सेवा करते रहे हैं, ऐसे में हमें भी मानव धर्म को सबसे प्रमुखता पर रखना चाहिए। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के शिविर आयोजित होंगे तो समाज में काफी जागृति आएगी और एक नया वर्ग सेवा से जुडकर मानव सेवा कर सकेगा और जरूरतमंदों की जरूरत की पूर्ति होगी। इस अवसर पर बस्ती के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### भटनागर बने समिति के अध्यक्ष

**कोटा,** (निसं)। भटनागर सभा विकास समिति, कोटा की आम सभा छावनी, कोटा स्थित गणपति उत्सव मैरिज गार्डन में आयोजित में अयोजित की गई। सर्व प्रथम भगवन श्री चित्र गुप्त जी के पूजन पश्चात कार्यक्रम का आगाज किया गया। आम सभा के संरक्षक गिरीश कांत भटनागर, दिनेश चंद्र भटनागर, अनंत बिहारी भटनागर, दिनेश बिहारी भटनागर और सभा के वर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार भटनागर के मंचस्थ निर्देशन में सभा की यह आम सभा संचालित की गई। आम सभा में ही नवीन कार्यकारिणी के चुनाव करवाएं गए, जिसमे वर्ष 2024 से 2026 के लिए अध्यक्ष पद पर सुनील भटनागर, महासचिव पद पर राकेश भटनागर, कोषाध्यक्ष पद पर सुषमा भटनागर, उपाध्यक्ष पद पर मनोशाला भटनागर, संगठन मंत्री पद पर अशोक भटनागर को सर्व सम्मति से मनोनित किया गया। संरक्षक मंडल द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शुभ कामनाएं प्रेषित की गई। चुनाव निष्पक्ष रूप से चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा विधिवत संपन्न करवाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील भटनागर ने कहा कि आगामी समय में सभी को साथ लेकर समाज व संस्था के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही कोटा शहर में भी सेवा कार्य को गति दी जाएगी। इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अधिक रैक में किया गया माल ढुलाई

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन, परिचालन और वाणिज्य विभाग के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष के 2023-24 में 1.2 लाख मालगाड़ी डिब्बों से 7.494 मिलियन टन माल लदान किया। जिससे कुल 890.93 करोड़ आय अर्जित किया। वितीय वर्ष 2023-2024 में पिछले सत्र 2022-2023 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक रैक में माल ढुलाई किया गया। कमोडिटी वाइज लोडिंग आंकड़ों पर नजर डालें तो पाएंगे कि सबसे अधिक यूरिया 3.315 मिलियन टन लदान से 353.77 करोड़, क्लिंकर 0.510 मिलियन टन से 50.46 करोड़, सीमेन्ट 1.927 मिलियन टन से 152.09 करोड़, फूड ग्रेन 1.056 मिलियन टन से 213.33 करोड़, कंटेनर 0.278 मिलियन टन से 35.47 करोड़ एवं अन्य 0.409 मिलियन टन से 85.80 करोड़ रूपये अर्जित किया। कोटा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जन सम्पर्क अधिकारी रोहित मालवीय ने बताया कि मंडल द्वारा माल यातायात एवं उससे अर्जित आय में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

## श्रृंगार व हास्य रस से ओत-प्रोत 'आगाज़' का आयोजन

**छबड़ा।** गणगौर पर्व के अवसर पर इनरव्हील क्लब द्वारा श्रृंगार रस व हास्य रस से ओत-प्रोत 'आगाज़' का आयोजन किया गया। लंबे अंतराल के बाद आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम का षुभारंभ अध्यक्ष उर्मिला पारीक द्वारा द्वारा की गई।

क्लब अध्यक्ष निहारिका गगरानी व सचिव अर्चना गगरानी, क्लब कोऑर्डिनेटर पल्लवी जैन ने बताया कि यहां बणी-ठणी इठलाती नार प्रतियोगिता तथा महिला व युवती हास्य कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सौम्या जैन व दक्षिता सोनी के रंगारंग नृत्य के साथ आगाज़ का शुभारंभ हुआ। नार प्रतियोगिता में प्रथम कौशल्या गगरानी, द्वितीय विभा जैन, तृतीय निर्मला सोनी रही। इसके पश्चात प्रियांशी शर्मा ने सेमी क्लासिकल लोक गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् हास्य कवि सम्मेलन प्रतियोगिता सम्पन्न हु जिसमें प्रथम शिवानी भार्गव, द्वितीय रानू चांडक, तृतीय प्रभा जैन रही। क्लब सदस्यों द्वारा एक साइबर क्राइम पर आधारित शिक्षाप्रद नाटिका का मंचन किया गया।

जिसमें सीमा बागड़ी, सरिता सिंघवी, रेणु जैन, कल्पना बरड़िया, ललिता गगरानी, कविता गर्ग, एकता शर्मा शामिल रही। प्रतियोगिता के निर्णायक पैनल में उर्मिला पारीक, सारिका जैन, सूरज सोनी, रेखा गेरा, नंदिनी सोनी शामिल रही। कोषाध्यक्ष रेणु जैन ने बताया कि सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विशेष पुरस्कार निहारिका गगरानी की ओर से नृत्यांगना ओर लोकगीत गायिका को दिया गया। आशा अग्रवाल, रानी सिंघल, रचना गेरा, अंजू सोनी, नम्रता माहेश्वरी, माधुरी चौहान, चंदा, प्रियंका धनोरिया आदि का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन निहारिका अर्चना गगरानी ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का किया सम्मान

**कोटा,** (निसं)। अमृतम् सेवा संस्थान का तृतीय स्थापना दिवस व सम्मान समारोह विज्ञान नगर स्थित निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। धूमधाम से आयोजित इस समारोह में संस्थान के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष ज्योति यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उषा पंवार पीयूआर (एडीपी) कोटा, आयुषी पांडे चीफ मैनेजर एसबीआई बैंक एवं विशेष अतिथि मंगलमुखी नैना देवी उपस्थिति रही। सचिव समता जैन ने बताया कि संस्थान द्वारा वर्ष पर्यंत किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए संस्था सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का कुमकुम तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। समता जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सालभर जो कार्यक्रम आयोजि किए गए, सेवा कार्य किए गए और आगामी कार्यों के तहत बनाई गई रूपरेखा को प्रस्तुत किया गया साथ ही संस्था द्वारा किए गए।

## लोकसभा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने नामांकन लिया वापस

**कोटा,**(निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा बूंदी लोकसभा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन वापस लिया। भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं, भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति,

■ भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर, भाजपा में किया शामिल

राष्ट्रवादी सोच, एवं माननीय ओम बिरला के समाज और क्षेत्र के हित में कार्यों से प्रेरित होकर कोटा बूंदी लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने अपना नामांकन वापस लेते हुए अपनी टीम सहित पूर्ण समर्थन माननीय ओम बिरला को दिया । आज इस अवसर पर योगेश शर्मा को भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर एवं मोबाइल से मिस कॉल करवा कर ऑनलाइन भाजपा पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा, देश की आने वाली पीढ़ियों का विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत देश विश्व गुरु बनेगा।



भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने अपना नामांकन वापस लिया।

## 'समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा वैश्य समाज'

**कोटा,** (निसं)। प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था कोटा सम्भाग का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ इंद्रविहार विकास सोसायटी भवन में आयोजित किया गया।

कोटा संभाग अध्यक्ष डॉ. आर बी गुप्ता एवं प्रदेश महामंत्री हुकम चंद मंगल ने बताया की होली मिलन समारोह में वैश्य समाज के प्रमुख 53 लोगों का सम्मान किया गया साथ में राधा कृष्ण के रसिया पर फूलों से फाग उत्सव मनाया गया।

प्रभु के भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुति से आनंद का वातावरण बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला थे। अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने की। इस अवसर पर राजेश बिरला ने कहा कि होली मिलन समारोह वैश्य समाज के सभी 18 घटकों को एक मंच पर लाने का सुखद प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम एक साथ रहेंगे तो देश व समाज के विकास में अधिक भागीदार बनेंगे। वैश्य समाज देश व समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि वैश्य समाज जहां भी रहता है हमेशा सेवा और संस्कार के भाव के रूप में अपनी पहचान रखता है। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता ने कहा कि होली मिलन समारोह में वैश्य समाज के सभी घटक उपस्थित रहे। और समाज की एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर राजकमल एरन, पुरषोत्तम चितौड़ा, रमेश खंडेलवाल, राजेंद्र जैन खजूरी, हुकम मंगल, राजेंद्र जैन, सत्यनारायण अग्रवाल, महावीर जैन, नरेंद्र मोहन गुप्ता, विषंभर दयाल गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, आर एस गुप्ता, रमेश गुप्ता, प्रकाश चंद गुप्ता, डॉ आर बी गुप्ता, रमेश गुप्ता, सीताराम मंगल, विकास मंगल आदि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष डॉ. आर बी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## समारोह संपन्न

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, कोटा के पूर्व छात्र परिषद का होली मिलन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। राजकीय महाविद्यालय, कोटा की गौरवशाली व गरिमामय परंपरा का पालन करते हुए यह समारोह महाविद्यालय परिसर मे स्थित ऐतिहासिक सभागार (प्राध्यापक-कक्ष) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व छात्र पी.सी.पवन (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) और डॉ.राकेश कुमार जायसवाल(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) रहे और अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष भगवती वल्लभ शर्मा, सचिव डॉ.नवीन मित्तल, पूर्व छात्र परिषद के संरक्षक ओम मंत्री एवं कर्नल रघुराज सिंह भी मंचासीन रहे।

## मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। बारां रोड़ स्थित भगवान स्वामी नारायण मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस प.पू.ध.धु.आचार्य 1008 श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराज के सानिध्य मे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सदस्य एवं प्रवक्ता जी डी पटेल ने बताया कि प्रथम स्थापना दिवस पर देश के विभिन्न कोने से 21 से अधिक संतों ने मंदिर में उपस्थित होकर विधिविधान से पट्टाभिषेक के कार्यक्रम को सम्पन्न किया। मुनि स्वामी मे बताया कि स्थापना दिवस पाटोत्सव महोत्सव महा अभिषेक व छप्पन भोग के साथ मनाया गया। महाअभिषेक और अन्न कूट दर्शन महोत्सव में बडी संख्या में हरिभक्त उमड़े। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। स्वामी नारायण मुनिदास ने बताया कि अनेक प्रकार के रसों पवित्र नारायण सरोवर जल, गंगा जल, शहद, गन्ने, फलों व अनाज के रस तथा केशर से आचार्य 1008 श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी, नारायण मुनि, स्वामी पुरूषोत्तम प्रकाशदास कालुपुर महंत, स्वामी दिव्य प्रसाददास जी, स्वामी बृजभूषणदास जी, स्वामी देवप्रकाशदास जी सहित मंहत ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महा अभिषेक कराया और पूर्णाहुति के साथ पाटोत्सव का समापन कराया। मुख्य यज्ञमान आचार्य हसमुख भाई पटेल परिवार रहा। इस अवसर पर पोथी यात्रा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भक्तों के लिए स.गु.स्वामी श्री मानसप्रकाशदास जी ने श्रीमद भागवत दशमस्कंध ज्ञानयज्ञ का श्रवण भक्तो को कराकर हरि के गुणों व दिव्य स्वरूप का परिचय करवाया।

## कलश यात्रा में दिखा दिव्यता के साथ अध्यात्म का अनूठा संगम

**बून्दी।** नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा व शोभयात्रा में भव्यता दिव्यता के साथ अध्यात्म का संगम दिखाई दिया। सुबह से ही इस कलश यात्रा व शोभयात्रा को लेकर मातृशक्ति व युवाओं में जोश दिखाई दे रहा था, वहीं बाजारों में भी उत्सवी रौनक दिख रही थी। पूरे बाजार केसरिया वातावरण में रंग कर ध्वज पताकाओं, बंदरवाल और स्वागत द्वारों से सजाए गए थें। वाहन रैली में कतारबद्ध चल रही मातृशक्ति व युवाओं का जोश व उत्साह देखते ही बन रहा था, चारों तरफ भगवा केसरिया साफे बांधे युवाओं के हुजूम केसरिया थामे नजर आए तो लाल चुंदडत्री में सजी धजी मातृशक्ति के सिर पर कलश शोभायमान रहे। वंदे मातरम्, जयरी रात तथा भारत माता की जय के उदघोष से आसमां गुंजायमान रहा। शोभा यात्रा में शामिल भारत माता, भगवान श्री राम, महर्षि गौतम, भगवान झूले लाल सहित हाड़ी रानी की जीवंत झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। वहीं रथ में संत जन शक्करगढ़ वाले जगदीश पुरी महाराज व आलक नाथ जी महाराज भी शामिल रहे। कलश यात्रा व शोभयात्रा के स्वागत में उमड़े शहरवासी नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर निकली कलश यात्रा व शोभयात्रा का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, व्यापा संगठनों सहित आमजनता द्वारा पुष्पवर्षा द्वारा भव्य और अलौकिक स्वागत अभिनन्दन किया गया। कलश यात्रा व शोभयात्रा में सभी मातृशक्ति व युवाओं का अनुशासन देखने लायक था। सभी महिलाएं दो पंक्तियों मे सम्मिलित हो कर भारत माता की जय के उदघोष के साथ जय भवानी के उद्घोष से वातावरण को गुंजित कर रही थी। रैली में भी बैंड बाजों के साथ ऑटो में लाउड स्पीकर के माध्यम से उदघोष व देशभक्ति गीत चलते रहे, जो वातावरण जोश व उत्साह का संचार कर रहे थे। शहर में पहली बार बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की कलश यात्रा चर्चा का विषय रही। महाआरति के साथ हुआ।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सांय सात बजे से मन आरोग्य न्यास एवं प्रेरणा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन सूरजपोल स्थित नशा मुक्ति केंद्र में प्रेरणा संस्थान के महेश हरितवाल की अध्यक्षता में किया गया। मन आरोग्य न्यास के समन्वयक विजय राघव ने कहा कि भारत सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी सदस्य देशों ने सितंबर 1978 में आयोजित अल्मा अता सम्मेलन में दुनिया भर में सभी के लोगों के लिए स्वास्थ्य का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य के तहत सन 2000 तक सभी के लिए स्वास्थ्य की घोषणा की थी जिसके तहत सभी लोगो को स्वच्छ पेयजल एवं पोषित भोजन के साथ रोजगार सहित समस्त बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना था। किन्तु घोषणा के 45 वर्ष बाद खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन को कहना पड़ा कि दुनिया भर में साठ प्रतिशत से अधिक आबादी पहले से भी बहुत ज्यादा गरीबी की स्थिति में एवं बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। हालांकि कई अति महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लोगों को कई बीमारियों और विनाश से बचाने में सराहनीय भूमिका निभाई है जिसमें चेचक का उन्मूलन, पोलियो संक्रमण को 99 फीसदी तक रोकने, लाखों करोड़ो बच्चों को टीके से कई जानलेवा बीमारियों से बचाया है, शिशु मृत्यु दर को कम किया गया है।

## भगवान श्री महर्षि गौतम जयंती की पूर्व संध्या पर 1008 दियों से की गई महाआरती

**कोटा** ।महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के अध्यक्ष मोहित गौतम ने बताया की भगवान महर्षि गौतम जी के प्राकट्यय महोत्सव के उपलक्ष में आज दिनांक 8 अप्रेल 2024, सोमवार को महावीर नगर विस्तार योजना स्थित महर्षि गौतम चौराहे पर भगवान महर्षि गौतम जी की 1008 दीपो से हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति में विशाल भव्य महाआरती आतिशबाजी के साथ की गई ।

कार्यक्रम में भगवान महर्षि गौतम जी की भव्य झांकी के दर्शन व कलाकारों ने राधा कृष्ण की रासलीला करते हुए भक्तिमय माहौल पैदा कर दिया । महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया । महाआरती का संचालन डॉक्टर घनश्याम गौतम ने मंत्रो चार के साथ किया। कार्यक्रम में महिला कांठोस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम,अखिल भारतीय गुर्जरगौड़ समाज प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंजबिहारी गौतम,प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन गौतम, जितेंद्र गौतम,प्रवीण पंचोली,पार्षद शालिनी गौतम,महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के कोषाध्यक्ष भवानी शंकर गौतम, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार गौतम,युवक संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हर्षित गौतम एडवोकेट, हितकारणी के महामंत्री बृज सुन्दर गौतम,पूर्व महामंत्री लोकेश शर्मा,पूर्व कोषाध्यक्ष महेश कुमार गौतम,पूर्व अध्यक्ष सतीश गौतम,पूर्व अध्यक्ष घनश्याम गौतम, श्याम सुंदर गौतम, नरेश गौतम, महेश त्रिवेदी, श्याम शर्मा, रोहित शास्त्री,हितकारिणी अध्यक्ष प्रमोद गौतम,दादाबाड़ी अध्यक्ष बृजेश गौतम, रंगबाड़ी अध्यक्ष प्रेम गौतम, केशवपूरा अध्यक्ष छीतरलाल गौतम, आर के पुरम अध्यक्ष खेमराज गौतम,स्वामी विवेकानंद नगर अध्यक्ष के.बी. गौतम,लेखा दुबे, जया शर्मा आदि समाज बंधु उपस्थित रहे । पूर्व अध्यक्ष टीकम चंद पंचोली ने कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पधारे गौतम समाज बंधुओं का धन्यवाद दिया ।



भगवान महर्षि गौतम जी की 1008 दीपो से हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति में भव्य महाआरती आतिशबाजी के साथ की ।

## फारूक राणा का बूंदी में स्वागत

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी बूंदी की ओर नव नियुक्त कोटा बूंदी लोकसभा के संयोजक फारूक राणा का भव्य स्वागत किया गया। राणा अभी हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती द्वारा नियुक्ति किया गया है। इस अवसर पर राणा ने कहा कि मौजूदा वक्त में मुस्लिम समाज का भारतीय जनता पार्टी के प्रति रुझान बड़ा है और अब सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम वर्ग के युवा भी पार्टी की रीति नीति में विश्वास करने लगे है। आज के दौर में भाजपा अल्पसंख्यकों के लिए बहुत सारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें फायदा पहुंचा रही है। कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यकों का शोषण किया है और उन्हें कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने भी प्रसन्नता व्यक्त की ओर कहा की फारूक राणा की नियुक्ति से अल्पसंख्यक वर्ग में भाजपा की स्तिथि मजबूत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक डोगरा, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, भाजपा नेता भरत शर्मा, अशोक डिंगल, अमित निंबार्क, चुन्नीलाल, देवलाल गुर्जर, शाह हातिम कुरेशी, हाजी कल्लन गोरी, अल्ताफ खान, सहाबुद्दीन शाह, फरीद गाजी, मुस्तकीम बल्लू, जाकिर शाह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना पुराना नाम मोहित जैन से बदलकर नया नाम मोहित रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

पता : मोहित पुत्र विजय कुमार जैन 256, पुरानी धानमंडी नियर एच.डी.एफ. सी. बैंक, कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना पुराना नाम SHAJID PATEL से बदलकर नया नाम SAJID PATEL रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

पता : साजिद पटेल पुत्र सादिक पटेल 11, सुर्या नगर ग्रामीण पुलिस लाईन बोरखेड़ा कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांक : ननिकोद/भ.नि.अनु./2024/1754 दि.08.04.2024

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रभा चौरसिया पत्नी स्व.श्री नन्दलाल चौरसिया निवासी भूखण्ड संख्या 27, दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. विस्तार प्रताप नगर, कोटा ( राज. ) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 27, दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. विस्तार प्रताप नगर, कोटा क्षेत्रफल 1920 वर्ग फुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 27, दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. विस्तार प्रताप नगर, कोटा क्षेत्रफल 1920 वर्ग फुट का लीज डीड पंजीयन नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा श्रीमती प्रभा चौरसिया पत्नी स्व.श्री नन्दलाल चौरसिया उप पंजीयन कार्यालय में दिनांक 29.12.1990 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 519 क्रम संख्या 6562 पृष्ठ संख्या 140 पर श्री नन्दलाल चौरसिया पुत्र श्री जगन्नाथ चौरसिया के नाम पंजीयन करवाया गया। श्री नन्दलाल चौरसिया का देहावसान दिनांक 18.12.2012 को हो जाने के उपरान्त उनकी एक मात्र उत्तराधिकारी श्रीमती प्रभा चौरसिया पत्नी स्व.श्री नन्दलाल चौरसिया द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**उपायुक्त नगर निगम-कोटा दक्षिण**

# ‘भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है’

## मु.मंत्री भजनलाल ने जैसलमेर-बाड़मेर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा

जैसलमेर,/जयपुर 8 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास के दौरान भाजपा ज़िला कार्यालय में एक बैठक में देर रात जिला, मण्डल व मोर्चा पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लिया और चुनाव जीतने के बारे में चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। शर्मा ने कहा कि, पहले जनसंघ की फिर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत व राष्ट्रवाद नीतियों के कारण ही संभव हुआ है कि, हम दो सीटों से चार सौ के पार होने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि, पिछले दस वर्षों में अनगिनत विकास कार्य हुए हैं जिसमें जनधन खाते, ग़रीब को छत, महिलाओं को धुएं से मुक्ति, घर-घर शौचालय, धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, किसान निधि, तीन तलाक़ व महिला आरक्षण आदि अनगिनत कार्य हुए। भाजपा शासन काल में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ और अब भारत विश्व की तीसरी शक्ति बनने जा रहा है। कार्यकर्ताओं को इस चुनाव रूपी परीक्षा में खरा उतरना है व अपने-अपने बूथ में भाजपा को आगे रखना है।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया कि, आज की बैठक में राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी, ज़िलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा, जैसलमेर विधायक छाटू सिंह भाटी, पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी, जिला संगठन प्रभारी रामस्वरूप गोधा, लोकसभा सयोजक शंकर सिंह राजपुरोहित, ज़िला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक साँग सिंह भाटी, प्रधान जनक सिंह भाटी व तन सिंह भाटी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी व बाल भारती महाराज के अलावा जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो दिन के जैसलमेर प्रवास के दौरान जैसलमेर-बाड़मेर लोकसभा सीट के लिए पार्टी पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों का फीडबैक लिया। चुनाव कार्यक्रमों से समय निकाल कर मुख्यमंत्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री के कथावाचन कार्यक्रम में पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया।

- मु.मंत्री ने चुनाव तैयारियों का फीड बैक लिया और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उनमें नए जोश का संचार किया।
- मुख्यमंत्री के समक्ष कांग्रेस के कई पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।
- मुख्यमंत्री बाड़मेर में बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्री महाराज के कथावाचन कार्यक्रम में भी पहुंचे और शास्री जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर परिषद के कांग्रेस पार्षद व उनके प्रतिनिधि, समाज सेवियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थित में वॉर्ड 18 की पार्षद दुर्गा देवी, प्रतिनिधि ओम सिंह, वॉर्ड 28 के पार्षद उपदेश कुमार, वॉर्ड 30 की रूखी देवी, वार्ड 34 के सिकंदर ख़ान, वॉर्ड 45 पार्षद पिंकु देवी, प्रतिनिधि नरपत सिंह टेकारा, सुमेर सिंह पूर्व उप जिला प्रमुख, दुर्गा शंकर भार्गव, व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जवाहर सुथार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा व विधायक छोटु सिंह भाटी ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर इन लोगों का स्वागत किया।

स्थानीय होटल मेरियट में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने देश के विकास के लिये सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों व समाज सेवकों से भाजपा के हाथ मज़बूत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, जिस प्रधानमंत्री ने देश की सांस्कृतिक धरोहर के पुनरुत्थान के लिये काम किया हो, विश्व गुरु बनाने की जिसमें क्षमता हो, करोना काल में जिसने सबकी रक्षा की हो, भारत विश्व की शक्ति बनने जा रहा हो, उसे वोट दे कर राष्ट्र को मज़बूत करें। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर देश हित में अपना मत दें।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने बाड़मेर में आयोजित हनुमंत शक्ति जागरण कार्यक्रम में पहुँचकर बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर, कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, श्रद्धेय शास्त्री के ओजस्वी सानिंध्य ने राजस्थान परिवार की अनवरत सेवा हेतु मेरी ऊर्जा को बल देने का कार्य किया है। संतों का आशीर्वचन सदैव जीवन पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का मार्ग प्रशस्त करता है। परम पूज्य बागेश्वरधाम बालाजी महाराज की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे यह कामना करता हूँ।

### कर्नाटक में छापेमारी, 5 करोड़ कैश व 106 किलो सोना बरामद

बेंगलुरु, 8 अप्रेल। कर्नाटक में पुलिस को छापेमारी के दौरान बेहिसाब दौलत मिली है। पुलिस ने यहां से 5 करोड़ कैश और 106 किलोग्राम ज्वेलरी की बरामदगी की। चुनाव के बीच कर्नाटक में बड़ी छापेमारी करते हुए पुलिस ने एक ज्वेलरी शॉप के मालिक के घर से 5.60 करोड़ रुपये कैश, 3 किलो सोना, 103 किलो चांदी के आभूषण और 68 चांदी की छड़ें जब्त कीं। यह छापेमारी कर्नाटक के बेल्लारी शहर में की गई है। पुलिस द्वारा की गई कुल वसूली करीब 7.60 करोड़ रुपये की है। ज्वेलरी की कीमत 2 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ज्वैलरी शॉप के मालिक नरेश के घर से भारी मात्रा में नकदी और ज्वैलरी बरामद की गई है। पुलिस ने कहा, उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। एक खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि ब्रुसेपेट पुलिस थाना क्षेत्र में जौहरी के घर पर बड़ी मात्रा में कैश और आभूषण रखे गए हैं।

# डॉ. पूनिया पांच दिन के धुआंधार चुनावी दौरे पर

जयपुर, 8 अप्रेल (का.सं.)। हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 9 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक हरियाणा एवं राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रवास पर रहेंगे।

सतीश पूनिया 9 अप्रैल को हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के कालका विधानसभा में चुनाव प्रबंधन और कोर कमेटी बैठक लेंगे। सतीश पूनिया 10 अप्रैल को राजस्थान के श्रीगंगानगर लोकसभा, 11 अप्रैल को हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर लोकसभा, 12 और 13 अप्रैल को चूरू लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार एवं बैठकें लेंगे। उल्लेखनीय है कि, सतीश पूनिया पिछले दिनों में गुरुग्राम, अंबाला, पंचकूला इत्यादि क्षेत्रों में हरियाणा लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और कोर कमेटी बैठकों में विस्तृत चर्चा कर चुके हैं, वहीं राजस्थान के सीकर, जयपुर ग्रामीण, पाली, चूरू इत्यादि लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाएं संबोधित कर चुके हैं।

- 9 अप्रैल से 13 अप्रैल के इस दौरे में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया हरियाणा व राजस्थान में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

### आज दिल्ली में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दलों का उत्साह चर्म पर है।

एन.डी.ए. की बैठक दिल्ली में मंगलवार को होना प्रस्तावित है जबकि इंडिया ब्लॉक के 26 विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने क लिए बैंगलुरू में संयुक्त रूप से रणनीति बनाने हेतु आयोजित की जाएगी।

राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वे और अजित पवार मंगलवार को दिल्ली में आयोजित होने वाली एन.डी.ए. की बैठक में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अजित ने उनके 15 विधायकों के साथ मुम्बई के वाई.बी. चव्हाण सेंटर में शरद पवार से मुलाकात की थी और उनसे पार्टी की एकता को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था। शरद पवार ने इस अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया था। उनके प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा शरद पवार मंगलवार को बैंगलुरू में आयोजित होने वाले विपक्षी दलों के सम्मेलन में शिरकत करने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई में भले ही कोई घटनाक्रम हो उसके बावजूद वो सम्मेलन में शिरकत करने के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई में भले ही कोई घटनाक्रम हो उसके बावजूद वो सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे।

# बांसवाड़ा लोकसभा और बागीदौरा विधानसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी लापता

## इन दोनों सीटों पर कांग्रेस ने भारत आदिवासी पार्टी को समर्थन दिया है, इसलिए कांग्रेस प्रत्याशियों को नाम वापस लेना था

जयपुर, 8 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस ने बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अरविंद डामोर और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार कपूर सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। कांग्रेस ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा सीट और बागीदौरा उपचुनाव के लिए भारत आदिवासी पार्टी (बी.ए.पी.) को समर्थन दिया है। इसलिए इन दोनों को नाम वापस लेना था, पर ऐसा नहीं हुआ, इसलिए पार्टी ने निलम्बित कर दिया है।

सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था, लेकिन डामोर फोन बंद करके कहीं चले गए और पर्चा वापस नहीं लिया। वहीं कपूर सिंह ने भी बागीदौरा से नाम वापस नहीं लिया। दरअसल अंतिम समय में हुए गठबंधन के कारण बांसवाड़ा सीट कांग्रेस ने बी.ए.पी. को दी, साथ ही बागीदौरा उपचुनाव में भी बी.ए.पी. का समर्थन किया है।

- बांसवाड़ा लोकसभा सीट के प्रत्याशी अरविन्द डामोर मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर कहीं चले गए तो बागीदौरा विधानसभा सीट (उपचुनाव) के प्रत्याशी कपूर सिंह भी लापता हो गए। इस प्रकार दोनों ने ही नामांकन वापस नहीं लिया।
- कांग्रेस ने इस हरकत को गंभीरता से लिया और दोनों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया।

दोनों की नाम वापसी नहीं होने से डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर पेच फंस गया है। दोनों सीटों पर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन वापस नहीं लिया। अब अगर कांग्रेस को भी वोट पड़ते है तो भाजपा को लाभ होगा। नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था। लेकिन तीन बजे तक किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया।

बांसवाडा लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सिंह डामोर का फोन रविवार से ही स्विच ऑफ आ रहा था, जबकि बागीदौरा से कांग्रेस प्रत्याशी कपूर सिंह भी दिनभर लापता रहे उन्होंने भी नाम वापस नहीं लिया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश पांड्या ने बताया कि दोनों उम्मीदवारों से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुये

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद अब उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी सत्तारूढ़ भाजपा का साथ छोड़ दिया है और कांग्रेस का हाथ थामने का ऐलान कर दिया है। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान के बारे में निर्णय पार्टी आलाकमान लेगा।

# पूर्व मु.मंत्री वाय.एस.आर. की राजनीतिक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिया। लेकिन भाजपा की नज़र यहाँ अपनी खुद की सीटों की संख्या बढ़ाने पर है, तथापि टी.डी.पी. और जन सेना की तरफदारी का विचार भी उसे पसन्द है क्योंकि इन दोनों पार्टियों से जीतने वाले सांसद अन्ततः लोकसभा में उसके सदस्यों की वृद्धि ही करेंगे।

आंध्र के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड और वर्तमान के चुनावी गठबंधन के हिसाब से देखा जाए तो यह प्रदेश वर्तमान में संभवतः पहला ऐसा राज्य है जहाँ की सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष संसद के पटल पर संयुक्त रूप से केन्द्र सरकार को समर्थन दे रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस ने शर्मिला रूपी एक महत्वपूर्ण फैक्टर को चुनावों में उतार दिया है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों एक साथ हो रहे हैं। वाय.एस.आर.सी.पी. अपनी सत्ता को बरकरार रखने को लेकर चुनावी संघर्ष में है तो तेलुगू देसम के सुप्रीमो चन्द्रबाबू नायडू सत्ता हथियाने का एक अंतिम प्रयास कर रहे हैं क्योंकि वह वृद्ध हो रहे है। अभी उनकी उम्र करीब 80 वर्ष है और उनकी पार्टी के दूसरी पंक्ति के नेताओं व उत्तराधिकार की योजना अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी वह चाहेंगे कि उनके पुत्र नोरा लोकेश उनके वास्तविक उत्तराधिकारी बनें।

ऐसे समय में, जबकि यह माना जा रहा था मुख्य चुनावी संघर्ष वाय.एस.आर.पी. और तेलुगू देसम के बीच होगा, कांग्रेस कर्नाटक की तर्ज पर यहाँ भी अपने पुनरुत्थान की एक कार्य योजना लेकर आ गई है। कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण उदय तो तेलंगाना में हुआ था जहाँ उसने शून्य से शिखर तक का सफर तय कर अपराजेय माने जा रहे बेहद लोकप्रिय के. चन्द्रशेखर राव को शिकस्त दी थी।

कांग्रेस, तेलंगाना में पिछले वर्ष सत्ता में आयी थी, जिसका श्रेय रैवन्त रेड्डी के नेतृत्व को जाता है। माना जा रहा था कि रैवन्त रेड्डी का नेतृत्व अपनी कुछ ऊर्जा, विचारधारा और प्रयास अन्य तेलुगू भाषी राज्य आंध्र प्रदेश को भी हस्तांतरित करेगा। शर्मिला अपने पिता की विरासत पर दावा करने के लिए कांग्रेस की मदद को तैयार हैं। उनके पिता एक कट्टर कांग्रेसी थे, जिन्होंने आंध्र प्रदेश में दो बार 30 से अधिक लोकसभा सीटें जितवाकर दीं, जिसके कारण वर्ष 2004 और वर्ष 2009 में केन्द्र में यू.पी.ए. की सरकारों का गठन हो सका।

शर्मिला, अब आंध्र प्रदेश में लोगों की भारी भीड़ खींच रही है और कांग्रेस के उन पुराने नेताओं को भी आकर्षित कर रही है, जो उनके भाई जगनमोहन रेड्डी के पक्ष में चले गए थे। राजनीतिक पर्यवक्षेक एक बात को तो लेकर सर्वसम्मत हैं कि कांग्रेस पिछले चुनावों की तुलना में इस बार निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन करेगी। पिछली बार उसका वोट प्रतिशत 2 से कम रहा था, लेकिन पिछली बार की तुलना में वोट प्रतिशत में इतनी भी बढ़ोतरी नहीं होगी कि व कुछ सीटों पर जीत हासिल कर ले।

कांग्रेस का वोट प्रतिशत पर्याप्त होगा। यह करने या चुनावी मैदान में अन्य राजनीतिक दलों की संभावनाओं को बिगाड़ने के लिए।

इस मसले पर अलग-अलग राय है, यद्यपि बड़ी तादाद में लोगों की सोच है कि शर्मिला की उपस्थिति से अंततोगत्वा उनके भाई जगनमोहन रेड्डी को मदद ही मिलेगी। एक पार्टी के रूप में उसकी वोटों में भागीदारी शून्य है, यदि कांग्रेस को अधिक वोट मिलते है और उसे सत्ता विरोधी मत भी प्राप्त होते है तो ऐसी स्थिति में वोटों के बंटवारे स निश्चित रूप से फायदा होगा। जो वोट टी.डी.पी. को मिलने चाहिए। यदि वे कांग्रेस को चले जाते हैं तो निश्चित रूप से मानिये प्रदेश में सत्तारूढ़ वाई.एस.आर.सी.पी. को ही इससे मदद मिलेगी। चूंकि विधानसभा चुनाव में विजय बहुत कम अन्तर है, कांग्रेस जिस तरीके से विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन कर रही है उस वजह से उनके भाई जनगमोहन रेड्डी तथा टी.डी.पी. अध्यक्ष चन्द्रबाबू नायडू दोनों की संभावनाओं का बना भी सकती हैं और बिगाड़ भी सकती है।

आंध्र प्रदेश से लोकसभा में 25 सांसद चुनकर जाते है और यहाँ 175 विधायकों वाली एक मजबूत विधानसभा है, इन दोनों के लिए मतदान एक ही निर्धारित दिन को होगा।

# दुर्लभजी अस्पताल और 3 डॉक्टरों पर 15 लाख रू. का जुर्माना

जयपुर, 8 अप्रेल (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने और मातृत्व सुख से वंचित होने के मामले में संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल प्रशासन और उसके तीन चिकित्सकों को चिकित्सकीय लापरवाही का दोषी माना है। और अस्पताल प्रशासन पर नौ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं आयोग ने डॉ. फयाज़, डॉ. रिद्धिमा और डॉ. प्रियंका पर भी दो-दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने कहा कि परिवादी को इलाज में खर्च की गई कुल 65 हजार रुपए की राशि भी ब्याज सहित लौटाई जाए। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश पीड़ित महिला जया के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

परिवाद में अधिवक्ता विपुल शर्मा ने आयोग को बताया कि 13 अगस्त, 2010 को परिवादी जया 21 सप्ताह की गर्भवती थी। परिवादी बीस अगस्त की देर रात दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती हुई। जहां उसका समय पर इलाज नहीं किया गया।

सुबह करीब दस बजे डॉ. फयाज़ के आने पर जानकारी दी गई कि प्रीमैच्योर डिलीवरी के कारण बच्चे की मौत हो गई है। इसके बाद परिवादी को उसकी जांच रिपोर्ट भी नहीं दी गई।

परिवादी डिस्चार्ज होने के बाद मुंबई लौट गई। जहां अक्टूबर, 2010 को सोनोग्राफी कराने पर पता चला कि गर्भाशय में पूर्व गर्भ के अवशेष मौजूद थे, जिससे स्पष्ट है कि दुर्लभजी अस्पताल में उसके इलाज में लापरवाही हुई है। ऐसे में उसे मुआवजा दिलाया जाए। अस्पताल प्रशासन व चिकित्सकों की ओर से बचाव में कई दलीलें दी गई, लेकिन आयोग ने उन्हें नहीं माना। इसके साथ ही आयोग ने अस्पताल व चिकित्सकों पर हर्जाना लगाया है।

- जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि, प्रीमैच्यौर प्रसव के दौरान महिला के इलाज में गंभीर लापरवाही हुई, जिससे ना केवल नवजात की मौत हो गई बल्कि महिला को बाद में कई शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ा।
- आयोग ने इसके लिए अस्पताल पर 9 लाख रू. तथा तीन चिकित्सकों पर 2-2 लाख रू. का जुर्माना लगाया है।

### कांग्रेस व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। हालांकि सीटों का सामंजस्य करना गठबंधन का एक पहलू है और कुल मिलाकर गठबंधन होना एक भिन्न मुद्दा है। पी.डी.पी. ने कश्मीर की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है और पार्टी ने अनंतनाग की सीट पर डी.पी.ए.पी. के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद के खिलाफ चुनाव मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती उम्मीदवार बनाया है। जब नैशनल कॉन्फ्रेंस की भागीदारी के बारे में खुर्शीद से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नैशनल कॉन्फ्रेंस के पहले से ही लोकसभा के तीन सांसद हैं अतः हमने उन्हें ही मौका देने का विकल्प चुना है। जब पूछा गया कि यदि उमर अब्दुल्ला भी चुनावों में खड़े होते हैं तो इस पर खुर्शीद ने जवाब दिया यदि ऐसा मामला आता है तो इस तरह का फैसला होने पर श्रीनगर में एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सूचित किया जाएगा।

### वर्तमान चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिसमें एक ऐसा विडियो था। पहले कांग्रेस ने चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री के रक्षा बलों के साथ वाले विज्ञापन के बारे में सूचित किया था। कांग्रेस ने कहा, “भाजपा और प्रधानमंत्री के विज्ञापनों में रक्षा कर्मिकों के चित्रों और विडियो का बार-बार इस्तेमाल चुनाव आयोग की वर्ष 2013 और 2019 के परामर्शों का उल्लंघन करता है, जिसमें यह कहा गया है कि रक्षा कार्मियों के चित्रों और क्रिया-कलापों का चुनाव प्रचार में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।”

# पायलट का तूफानी प्रचार, चार लोकसभा सीटों में सभाएं कीं

## सचिन पायलट ने सीकर, झुंझुनूं, जयपुर ग्रामीण व अलवर में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर 8 अप्रैल। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने सोमवार को लोकसभा क्षेत्र सीकर, झुंझुनूं, जयपुर ग्रामीण और अलवर क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित किया। पाटन में जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की फूल मालाएं और साफा पहनाकर पायलट का स्वागत किया वहीं खेतड़ी में कार्यकर्ताओं ने उन्हें गदा भेंटकर गर्मजोशी के साथ जिंदाबाद के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, सचिन पायलट सबसे पहले सुबह 11 बजे नीमकाथाना जिले में पाटन पहुंचे, जहां उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी कामरेड अमराराम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे खेतड़ी स्थित अपोलो ग्राउण्ड में आयोजित सभा में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के पक्ष में आमजन से मतदान की अपील की। दोपहर करीब 3 बजे सचिन पायलट जयपुर ग्रामीण क्षेत्र से सांसद उम्मीदवार अनिल चौपड़ा के समर्थन में चुनावी सभा करने आमेर स्थित जालसू पहुंचे। तत्पश्चात् दोपहर साढ़े 4 बजे अलवर लोकसभा क्षेत्र के किशनगढ़ बास स्थित राधिका पैलेस में कांग्रेस उम्मीदवार ललित यादव के पक्ष में चुनावी सभा की।

- सुबह 11 बजे पाटन में पायलट ने इंडिया अलायंस के प्रत्याशी, माकपा नेता अमराराम के लिए वोट मांगे। पाटन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता ने पायलट का शानदार स्वागत किया।
- पाटन के बाद पायलट ने खेतड़ी में झुंझुनूं के प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के लिए सभा की। उसके बाद जयपुर ग्रामीण के अनिल चौपड़ा के लिए आमेर में और अलवर के प्रत्याशी ललित यादव के लिए किशनगढ़बास मे सभा की।
- पायलट ने कहा कि, अगर भाजपा को 400 पार का इतना ही आत्मविश्वास है तो कांग्रेस के लोगों को क्यों तोड़ा जा रहा है।
- पायलट ने कहा, राजीव गांधी के समय में कांग्रेस ने 400 का आंकड़ा पार किया था पर कभी विपक्ष के खाते सीज़ नहीं किये। कांग्रेस विपक्ष का सफाया नहीं चाहती है।

पायलट ने पाटन में गठबंधन प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, गैर कांग्रेस सरकारें देश में पहले भी बनी हैं। हमने संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया है, जबकि भाजपा सरकार झूठ की बुनियादों पर टिकी हुई है। भाजपा ने अनेक वादे किए, वर्ष 2014 में काला धन वापस लाने, हर परिवार को 15 लाख रुपए देने, बेरोजगार युवाओं को 2 करोड़ सरकारी नौकरी हर साल देने, सीमा पर एक सैनिक के शहीद होने पर दुश्मन के पांच सिर लाने, किसानों की आय दुगनी करने का वादा तो किया था, लेकिन काला धन लाना तो दूर तीन काले कानून लगाकर किसानों को बेघर करने की योजना बना डाली। अमराराम जैसे संघर्षशील व्यक्तियों के लगातार दिल्ली बॉर्डर पर 13 महीने पड़े रहने से वह काले कानून वापस लिए गए हैं। पायलट ने कहा, अगर भाजपा को 400 पार करने का इतना ही विश्वास है तो कांग्रेस के लोगों को क्यों भाजपा में जोड़ रहे हैं।



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सीकर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमराराम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस चुनावी सभा में अच्छी-खासी भीड़ जुटी तथा कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी इसमें सम्मिलित हुये।


सचिन पायलट ने खेतड़ी के पोलो ग्राउंड खेल मैदान में झुंझुनूं से लोकसभा प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला के पक्ष में आमजन से वोट मांगे। पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार जोड़ने-तोड़ने का काम कर रही है। भाजपा ने 2019 में 300 पार कर सरकार बनाई तो नोटबंदी, जी.एस.टी. और तीन काले कृषि कानून ले आए। इनकी सरकार के मंत्रियों के घरवालों ने किसानों को गाडी से कुचला लेकिन इसके बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की।

सभा को कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, पिलानी विधायक पितराम काला, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इसके बाद सचिन पायलट ने जयपुर ग्रामीण के लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के पक्ष में आमेर स्थित जालसू में सभा की और आमजन से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इसी तरह अलवर सांसद प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में भी किशनगढ़ बास में पायलट ने आमजन से वोट मांगे।

पायलट ने कहा, राजीव गाँधी के समय कांग्रेस ने 400 का आंकड़ा पार किया था पर कांग्रेस ने कभी किसी के खाते सीज़ नहीं किए।

इस सभा में तिजारा पंचायत समिति उपप्रधान दयाराम गुर्जर ने पायलट को चांदी का मुकुट पहनकर स्वागत किया। इस दौरान टीकाराम जूली, विधायक दीपचंद खैरीया, विधायक जुबेर खान, रेवाड़ी विधायक राव चिरंजीवी, विधायक मांगीलाल, पूर्व विधायक संदीप यादव, कांग्रेस नेता इमरान खान, पूर्व प्रधान बीपी सुमन, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा, सरजीत खटाना आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908



राजस्थान रॉयल्स के मैच में संजू सैमसन और जॉस बटलर के बीच 148 रनों की साझेदारी तोड़ने के लिये कप्तान डूप्लेसिस को ग्लेन मैक्सवेल से गेंदबाजी करानी चाहिये थी।

– मोहम्मद शामी

भारतीय तेज गेंदबाज, आरसीबी की हार पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## रमा ठाकुर

**हिमाचल** में पिछले 17 सालों से पर्वतारोहण के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल कर चुकी मनाली की रमा ठाकुर अब इसी कड़ी में माउंट एवरेस्ट को फतह कर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने जा रही है। रमा ठाकुर अगले माह से माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए मनाली से रवाना होंगी। रमा ठाकुर की इस सोच के आड़े धन की कमी आ रही है। रमा अपने सभी प्रयासों के बाबजूद अभी तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाल सरकार को रॉयल्टी के रूप में दी जाने वाली 23 लाख की रकम नहीं जुटा पाई हैं। उन्होंने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहती हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर फैसला : चमारी अटापट्टू

लंदन, 8 अप्रेल। श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू अगले महीने टी–20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भविष्य पर फैसला लेंगी। अटापट्टू ने पूर्वी लंदन में कहा, मैंने अभी भी संन्यास



का फैसला नहीं लिया है, जहां श्रीलंका कल तीन एकदिवसीय मैचों की पहली श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। उन्होंने कहा, हम इसके बारे में बाद में बात कर सकते हैं। फिलहाल, मेरा ध्यान दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय और विश्वकप क्वालीफायर पर है। भविष्य में देखेंगे। उन्होंने रविवार को एक तस्वीर पोस्ट की और आंख मारते इमोजी के साथ लिखा, डीआरएस की समीक्षा करें। उन्होंने कहा, कुछ निर्णय बहुत कठिन होते हैं। लेकिन जीवन में कभी न कभी हमें ऐसे निर्णय लेने ही पड़ते हैं। उसमें एक दिल, श्रीलंकाई झंडा और एक ट्रॉफी शामिल थी।



# चेन्नई ने होमग्राउंड में लगातार तीसरा मैच जीता

## कोलकाता को सात विकेट से हराया

### जडेजा-देशपांडे को 3-3 विकेट, गायकवाड़ की फिफ्टी

चेपॉक, 8 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग में डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने तीसरा मैच जीत लिया। तीनों मुकाबले टीम ने चेपॉक में अपने होमग्राउंड पर जीते, इस बार ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हराया। यह 17वें सीजन में पहली ही हार है, इससे पहले टीम ने लगातार 3 मैच जीते थे। सोमवार को चेपॉक स्टेडियम में ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन बनाए। से रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने 3–3 विकेट लिए। चेन्नई ने 17.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने फिफ्टी लगाई।

पहले गेंदबाजी करते हुए रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के तीन–तीन विकेट झटक कर उसे बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। हालांकि कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला है।

आज यहां एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट शून्य का विकेट गवां दिया। सॉल्ट को तुषार ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद सुनील नारायण और अंगकृष रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 55 रन जोड़े। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस जोड़ी को तोड़ने की जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा पर को सौंपी और उन्होंने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए सातवें ओवर में पहले अंगकृष रघुवंशी 24 रन पर पगबाधा कर पवेलियन भेजा। अंगकृष ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उसके बाद जडेजा ने सुनील नारायाण को 27 रन पर आउट कर दिया।

सुनील ने 20 गेदों का सामना किया और तीन चौके और दो छक्के भी लगाये। जडेजा ने वेंकटेश अय्यर तीन रन आउट कर अपना तीसरा विकेट झटके हुए कोलकाता पर दबाव बढ़ा दिया। इसके बाद कोलकाता की टीम दबाव से उबर नहीं पायी और उसका कोई बल्लेबाज पिच पर अधिक देर के लिए नहीं टिक सका। रमनदीप सिंह 13 रन और रिंकू सिंह 10 रन बनाकर आउट हुये।

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की अगले महीने 2026 टूर्नामेंट के नए मेजबान की घोषणा करने की योजना

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था। सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, "अहम प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।" बयान के अनुसार, "हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।" विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी। राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था।

# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पीवी सिंधु और साथियों के पदक की राह मुश्किल

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।



यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा।

सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने पर उन्हें चीन की छठी वरीय हेन युई से भिड़ना पड़ सकता है जिन्हें उन्होंने फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में पांचवीं बार हराया था। तीसरे दौर में सिंधू की भिड़ंत जापान की यामागुची या थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से हो सकती है। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है।

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करनाहै। फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पेरिस ओलंपिक में जगह लगभग पक्की करने वाले लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे और चीन के खिलाड़ी के खिलाफ तीन हार का बदला चुकता करने का प्रयास करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है।

सात्विक–चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे। महिला युगल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रतिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी से भिड़ना है जबकि त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद अपना अभियान ल्यु शेंग श्यु और टैन निंग की चीन की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ शुरू करेंगे।

## रेल कोच फैक्ट्री कपूर थला ने पंजाब इलेवन को हराकर खिताब जीता

जालंधर, 8 अप्रेल। रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने कड़े मुकाबले के बाद पंजाब इलेवन को 4–3 के अंतर से हराकर पहला सुरजीत 5ए साइड महिला गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई ने हरियाणा इलेवन को 12–5 के अंतर से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। सुखदेव सिंह (एआईजी ग्रुप) ने ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट की विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद और विजेता ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 75 हजार रुपये नकद और उपविजेता ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।

रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला टीम की ओलंपियन नवजोत कौर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया, उन्हें श्रीमती स्वदेश चोपड़ा मेमोरियल ट्रॉफी और 11000 रुपये नकद से सम्मानित किया गया। पंजाब की गोलकीपर किरणदीप कौर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया, उन्हें ट्रॉफी और 11000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में जबरदस्त हॉकी देखने को मिली।हाफ टाइम तक रेल कोच फैक्ट्री 2–1 से आगे थी। रेल कोच फैक्ट्री के लिए ऐश्वर्या ने दो और मनप्रीत कौर व गगनदीप कौर ने एक–एक गोल किया। जबकि पंजाब की ओर से सुखवीर कौर, सुमिता और मिताली ने एक–एक गोल किया। फाइनल मैच से पहले खेले गए सेमीफाइनल में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई को 7–4 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हाफ टाइम तक रेल कोच फैक्ट्री 4–1 से आगे थी। आरसीएफ के लिए हैट्रिक लगाते हुए ऐश्वर्या ने तीन गोल किए।

दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब इलेवन ने हरियाणा इलेवन को 8–3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हाफ टाइम तक पंजाब इलेवन 3–2 से आगे थी। पंजाब इलेवन की ओर से सुमिता ने हैट्रिक लगाते हुए तीन गोल किए। पंजाब के लिए अकांक्षा ने दो गोल किये।



# पेपर लीक व फर्जीवाड़े के आरोपी 11 ट्रेनी एसआई चार दिन की रिमांड पर

## इस मामले में एस.ओ.जी. पर फिर उठे सवाल

- सुनवाई के दौरान आरोपियों के वकीलों ने बार-बार अखबार में छप रहे सवालों का मुद्दा उठाया।
- कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एसओजी के अधिकारी भी शायद जवाब पूरे न दे सकेंगे
- मामले में पूर्व में गिरफ्तार दो अन्य आरोपी श्रवण व सुरेश को जेल भेजा।

**जयपुर**। मुख्य महानगर द्वितीय, महानगर द्वितीय ने एसआई भर्ती– 2021 पेपर लीक से जुडे मामले गिरफ्तार 11 ट्रेनी एसआई व एक कांस्टेबल को 12 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। मामले में पूर्व में गिरफ्तार दो अन्य आरोपी श्रवण व सुरेश को जेल भेज दिया।

एसओजी ने आरोपी सुरेंद्र, दिनेश, भालाराम, राकेश, सुभाष, अजय, जयराज, मनीष, मंजू, चेतन, हरखू व अभिषेक को कोर्ट में पेश किया। एसओजी ने कोर्ट से उन्हें 10 दिन के पुलिस रिमांड पर देने का आग्रह किया। एसओजी का कहना था कि उनसे पैसों के लेन–देन की जांच करनी है और पता लगाना है कि पेपर खरीदने के लिए वे रुपए कहां से लाए थे।

वहीं, एसओजी ने कहा कि सभी आरोपियों के अकाउंट्स और हस्ताक्षर की जांच करनी है। साथ ही इनके परिवार से भी पैसों के बारे में जानकारी लेनी है। इस पर कोर्ट ने सभी को रिमांड पर भेज दिया।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपियों के वकीलों ने बार–बार अखबार में छप रहे सवालों का मुद्दा उठाया। इस पर जज ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच कर रहे एसओजी के अधिकारी से भी अगर आज यह सवाल किए जाएं तो शायद वह जवाब नहीं दे सकेंगे।

आरोपियों की ओर से एक एप्लीकेशन पेश कर एसओजी पर आरोप लगाया कि एसओजी ने एसआई को ट्रेनिंग के दौरान गिरफ्तार किया। 2 अप्रैल को एसओजी आरपीए जाकर 11 एसआई को पकड़ कर लाई। उन्हें एसओजी मुख्यालय में रखा। कोर्ट में 4 तारीख को पेश किया। एसओजी दूसरी बार एसआई को अवैध हिरासत में रख रही है। इस पर एक्शन लेना चाहिए।

पूछताछ के दौरान उनसे कुछ खाली कागजों पर भी दस्तखत कराए हैं। इस दौरान एसओजी ने आरोपियों के अभिभावकों को भी धारा 41 ए का नोटिस दिया था। पेशी के दौरान कुछ आरोपियों के अभिभावक भी आए थे। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर आरोपियों को 12 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। कोर्ट मंगलवार को आरोपियों की उस एप्लीकेशन पर भी आदेश देगा जिसमें एसओजी पर उन्हें अवैध हिरासत में रखने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि कोर्ट में आज किसी भी गिरफ्तार एसआई ने रिमांड के दौरान पीटने की बात नहीं की। पिछली बार मंजू और हरखू चौधरी ने कोर्ट के सामने कहा था कि उन्हें पकड़ने के बाद एसओजी के अधिकारियों ने पट्टे से पीटा था। कहा था कि आज तेरी पूरी दादागिरी निकालते हैं। पिछली बार हरखू चौधरी ने कोर्ट को बताया था कि आरपीए के अधिकारी भी उसे डॉन कहकर बुलाते थे। एसओजी में भी उसके साथ यही रवैया अपनाया गया।

## विधानसभा के डिजिटल म्यूजियम को जीवंत बनाने का प्रयास करें : देवनानी



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को विधानसभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नव गठित अनुसंधान समिति के सदस्यों के साथ डिजिटल म्यूजियम के अपग्रेडेशन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।**

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा के डिजिटल म्यूजियम राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को जीवंत बनाने के लिए नये सिरे से प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि म्यूजियम के अधिकतम उपयोग किये जाने के लिए नवाचार किये जायें। जयपुर आने वाले सभी पर्यटकों को म्यूजियम दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

देवनानी ने सोमवार को यहां विधानसभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नव गठित अनुसंधान समिति के सदस्यों के साथ डिजिटल म्यूजियम के अपग्रेडेशन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।

देवनानी ने म्यूजियम में आवश्यक कंटेट को निश्चित समय सीमा में अपग्रेडेशन किये जाने की आवश्यकता जताई। देवनानी ने कहा कि सम्बन्धित विषय वस्तु को अनुसंधान समिति द्वारा गहन विचार विमर्श के पश्चात ही अद्यतन किया जाये। बैठक में म्यूजियम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को दिये जाने हेतु गम्भीर मंथन के पश्चात सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गई।

देवनानी ने कहा कि म्यूजियम का अपग्रेडेशन कार्य निर्माण करने वाली फर्म पुराने एमओयू के अनुरूप ही कार्य करेगी। भविष्य में म्यूजियम को देखने के लिए सशुल्क दिखाये जाने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। प्रारम्भ में विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बैठक के बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि म्यूजियम की पृथक ई मेल आईडी बना दी गई है। म्यूजियम में आगन्तुकों को ऑनलाइन बुकिंग किये जाने हेतु पोर्टल बनाने पर राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के अधिकारियो द्वारा की जा रही कार्यवाही प्रगति पर है। पर्यटन विभाग की वेबसाईट पर म्यूजियम की सूचना प्रदर्शित कर दी गई है।

विधानसभा की वेबसाइट के पॉपअप पर रविवार को म्यूजियम के खुले होने की जानकारी भी प्रदर्शित कर दी गई है। म्यूजियम के प्रचार–प्रसार के लिये लघु फिल्म बनाई जा रही है। म्यूनजियम को ट्ययूरिस्ट गाईड, पत्रकारों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिखाये जाने के लिये संबंधित विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। आगंतुकों की प्रवेश की सुविधा के लिए अध्यक्ष देवनानी ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

## भाजपा नेता 400 पार की बात बरगलाने के लिए करते हैं : डोटासरा

**जयपुर**, (का.प्र.)। भाजपा के 400 पार के नारे पर हमला बोलते हुए पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि वे बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहते हैं और प्रजातंत्र को खत्म करने पर आमादा हैं। यही वजह है कि ऐसी बातें कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान डोटासरा ने कांग्रेस के न्याय पत्र और गारंटियों के बारे में बताते हुए डोटासरा ने कहा कि भाजपा नेता 400 पार की बात लोगों को बरगलाने के लिए करते हैं। डोटासरा ने कहा कि अबकी बार ये आ गए तो आगे चुनाव नहीं करवाने देंगे। इस प्रकार की व्यवस्था कर देंगे कि किसी के पास वोट मांगने जाने की जरूरत नहीं होगी और जनता से वादे करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार की सोच के साथ भाजपा के लोग आगे बढ़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटियों की बात कर लोगों से समर्थन मांग रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें अमलीजामा पहनाया जाएगा।

डोटासरा ने कहा कि काठ की हांडी एक बार चढ़ जाए, दो बार चढ़ जाए, लेकिन तीसरी बार नहीं चढ़ेगी। नरेंद्र मोदी इस बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। वे 200 सीट भी पार नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में एनडीए का शासन नहीं आएगा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

ईआरसीएपी पर सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत को ईआरसीपी पर बोलने का हक नहीं है।

## सांगानेर में गंदे पानी की समस्या खत्म करने का काम करेंगे : मंजू शर्मा

**जयपुर**। जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा है कि वे जयपुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। शहर की कच्ची बस्तियों में आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। केन्द्र सरकार ने लोगों को पक्के आवास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार को पांच साल में भारी भरकम बजट भी दिया लेकिन पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने लोगों को पक्के आवास व मूलभूत सुविधाएं देने बजाय करोड़ों रुपए के बजट को विज्ञापन और दूसरे कार्यों मे खर्च करके गरीबों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार है, इसलिए इन बस्तियों के लोगों को पक्के आवास व मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए केन्द्र व राज्य से अधिकाधिक बजट अलाट कराने साथ ही पूरी मॉनिटरिंग की जाएगी जिससे पूरा बजट इसी काम पर खर्च हो सके। साथ ही सांगानेर क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या का स्थाई समाधान की दिशा में काम किया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान युवाओं और महिलाओं में मंजू शर्मा के प्रति जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। जनसंपर्क के दौरान कई स्थानों पर मंजू शर्मा को फलों से तोला गया वहीं विभिन्न स्थानों पर उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने जयपुर की बेटी के स्वागत में पलक पावडे बिछा दिए वहीं उनका गली, मौहल्ले और कॉलोनियों में भव्य स्वागत हुआ। मंजू शर्मा के स्वागत कार्यक्रम में महिलाएं भी पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती नजर आई।

## अमेरिका में मनाया गणगौर महोत्सव

**जयपुर**। अमेरिका के फिलाडेफिया में प्रवासी राजस्थानियों ने स्थानीय मंदिर में गणगौर महोत्सव परंपरागत तरीके से मनाया।

आयोजन से जुड़े डॉ. रवि मुरारका के अनुसार जोधपुर के हस्तशिल्पियों के हाथों निर्मित गणगौर को आकर्षक ढंग से श्रृंगारित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर एवं शेखावटी सहित राज्य के कोने–कोने में बसे प्रवासी राजस्थानी शामिल हुए। गणगौर उत्सव के दौरान महिलाओं ने अमेरिका में मिनी राजस्थान सा अहसास दिलाया।

## देवनानी को निमत्रंण

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट के सचिव महेन्द्र माथुर ने अध्यक्ष नरेशपुरी की ओर से आमत्रंण दिया।

उल्लेखनीय है कि मेहंदीपुर बालाजी में आगामी 22–23 अप्रेल को हनुमान जंयती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।


MARUTI SUZUKI ARENA
आसान ड्राइविंग के लिए
ऑटोमैटिक कार्स.
CELERIO
ALTO K10
WAGONR
S-PRESSO
SWIFT
***
CREEP FUNCTION (Ease to drive in bumper-to-bumper traffic)
UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**
KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)
HILL HOLD ASSIST
महा बचत
CELERIO ₹58 100*
ALTO K10 ₹63 100*
WAGONR ₹63 100*
S-PRESSO ₹58 100*
SWIFT ₹43 100*
CELERIO ALTO K10 WAGONR S-PRESSO SWIFT
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: 02972-222917-18, 7665010638. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. AURIC MOTORS: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. AJMER: RELAN MOTORS: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: 9314531845/9024967833/9887312019/8302176266. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. ALWAR: MG MOTORS: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: 8955664400. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: CHAMPION CARS: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: 9116008626, 9116008630. CHURU: TRS CHURU: 8882899302.
*Terms & Conditions apply. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate/rural offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th April 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient . Offers may vary subject to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.